CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 17°C

मुरादाबाद, गुरुवार 7 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी पेज 2




बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल खेल टाइम्स



बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर सम्पादकीय



भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मप्र-बिहार में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई थी। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182 फीसदी अधिक है।

### मुक्केबाज विकास का मुख्य हत्यारोपी सुमित राणा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने घोषित अपराधी सुमित राणा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। सुमित राणा एक खूंखार अपराधी है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजी चैंपियन विकास उर्फ भिंडा की हत्या में शामिल होने का आरोप है। सिरसपुर निवासी राणा पुलिस द्वारा महीनों तक लगातार निगरानी और सघन प्रयासों के बाद आदर्श नगर से पकड़ा गया।

### एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वाड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायुसेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

### शशि शेखर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह मई को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी। श्री वेम्पति पद भार संभालने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले प्रसून जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# ईरान जंग 48 घंटे में हो सकती है खत्म, 14 शर्तों का समझौता तैयार

तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता



**अमेरिका और** ईरान युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है।

दोनों देशों के बीच 14 प्वॉइंट वाला समझौता (एमओयू) तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। समझौते की अहम शर्तें, सबसे पहले युद्ध खत्म करने की घोषणा होगी, 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है। बदले में अमेरिका धीरे-धीरे प्रतिबंध कम करेगा और ईरान के जब्त किए हुए अरबों डॉलर जारी कर सकता है। साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में दोनों तरफ से लगाई गई पाबंदियों में भी ढील दी जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा विवाद न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की अवधि को लेकर है। ईरान 5 साल का प्रस्ताव दे चुका है, जबकि अमेरिका 20 साल चाहता था। अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश हो रही है, जिसमें 12 से 15 साल तक की अवधि पर बात चल रही है।

■ अमेरिका ईरानी प्रॉपर्टी लौटाएगा, ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलेगा, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकेगा

### वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और इसके अलावा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर, हमने पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

### शहबाज ने ट्रम्प का आभार जताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने होर्मुज स्ट्रेट में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा और साहसी नेतृत्व के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार व्यक्त किया है।

श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अनुरोध पर ट्रम्प की यह उदार प्रतिक्रिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुलह को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी

## अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा व जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइडलाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए। साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

■ अब जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत, गाइडलाइन जारी




### प. बंगाल चुनाव में 'वंदे मातरम' बना था बड़ा राजनीतिक मुद्दा

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

## सबरीमाला केस

# बार-बार रुख नहीं बदल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**बोहरा समाज में बहिष्कार और धार्मिक अधिकारों पर 1986 की PIL की वैधता पर सवाल उठाए**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 40 साल पुरानी जनहित याचिका ( पीआईएल) की वैधता पर सवाल उठाए। यह याचिका दाऊदी बोहरा समुदाय में बहिष्कार के अधिकार और उसके संवैधानिक संरक्षण से जुड़ी है।

कोर्ट ने कहा कि उसे पुराने फैसले के साथ रहना होगा और वह अपना रुख अचानक नहीं बदल सकता। नौ जजों की संविधान पीठ यह सुनवाई कर रही है। इसमें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश, जैसे सबरीमाला मंदिर, और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार हो रहा है। यह मामला 1986 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी की पीआईएल से जुड़ा है। इसमें 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 को रद्द कर दिया गया था। उस कानून के तहत किसी सदस्य को बहिष्कृत करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर बहिष्कार का अधिकार समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(इ) के तहत मिले अधिकारों का - शेष पृष्ठ दो पर

# बंगाल में भाजपा की जीत के बाद हिंसा जारी

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद तनाव बढ़ गया है।

यह घटना हाल ही में आए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य भर में हो रही चुनाव बाद की हिंसा की खबरों के बीच हुई है। दराज्य में जारी हिंसा के दौरान टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत हो चुकी है। चुनाव आयोग ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जबकि राज्य नौ मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एक्स' पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा कि पांच मई की रात मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज इलाके में भाजपा के गुंडों ने हमला कर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी। हमारे साथियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार सुबह हमारे साथी दोबारा उस स्थल पर गए। प्रतिमा का पुनर्निर्माण आठ मई को किया जाएगा। स्थानीय पुलिस के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि तोड़फोड़ के मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने भी 'इंस्टाग्राम' पर इस कृत्य की निंदा की है और लिखा है कि मंगलवार -शेष पृष्ठ दो पर

■ टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत
■ भाजपा समर्थकों ने लेनिन की प्रतिमा तोड़ी, पांच गिरफ्तार

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने के लिए 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113 एमएलए



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में 7 मई (आज) को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। वहीं भाजपा पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ -शेष पृष्ठ दो पर

■ पश्चिम बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को
■ केरल में तैयारियां जोरों पर, अजय माकन व मुकुल वासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं। सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए 'वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3' जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला, क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाई-फाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे। शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला 'कम्युनिटी वाई-फाई' मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2 फीसदी लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं। दक्षिण कोरिया में 80 फीसदी, अमेरिका में 70 फीसदी, यूरोप-चीन में 60 फीसदी व इंग्लैंड में 50 फीसदी आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है।




■ लोगों को अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी
■ देश में चार लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम में नई विधानसभा के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शासन का दायित्व संभाले रहने को कहा है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने कहा कि मैंने असम के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा असम के राज्यपाल को सौंप दिया है और साथ ही उनसे मौजूदा विधानसभा को भंग करने का अनुरोध किया है। असम के राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा और मौजूदा विधानसभा को भंग करने का सुझाव स्वीकार कर लिया है।

■ कार्यवाहक के रूप में करेंगे काम

CMYK

# मोदी नेतृत्व पर जनता की मुहर पर आभार: बख्शी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शेरकोट।** अल्पसंख्यक समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौहम्मद परवेज बख्शी ने भाजपा की पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी तीनों राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह जीत विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और लोक कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। एमपी बख्शी ने बताया कि चुनाव परिणामों ने यह साफ कर दिया हैं कि देश की जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व को प्राथमिकता देती हैं। एमपी बख्शी जो समय-समय पर संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पूरी मेहनत, लगन से निभाते हैं। उन्होंने कहा कि असम में लगातार तीसरी बार सरकार का गठन और पुडुचेरी में दूसरी बार सरकार बनना ऐतिहासिक उपलब्धि है। वहीं बंगाल में प्रचंड बहुमत की सरकार बनना यह दर्शाता है कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश पीएम मोदी के नया भारत, विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा ऊर्जा प्रदान करेगा। केंद्र प्रदेश सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, चाहे वो किसी भी वर्ग समाज का हो। जिससे समाज के हर वर्ग में विश्वास और उत्साह का वातावरण बना हैं। एमपी बख्शी ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भी सीएम योगी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही हैं।

## एक नजर

### युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**अफजलगढ़।** ग्राम जामुनवाला निवासी सरजीत सिंह (32 वर्ष) पुत्र प्रीतम सिंह आज पशुओं के लिए चारा काटने के बहाने घर से अपने खेत पर गया था। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो सरजीत सिंह का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रियों को छोड़ गया है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### श्रीकृष्ण मंदिर में वार्षिक भंडारा



**अफजलगढ़।** ग्राम कादराबाद स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। राकेश नेगी ने बताया कि श्रीकृष्ण मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी नेगी परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन कराया गया, जिसमें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलता है। भंडारे में काद. राबाद, विजय नगर, भिक्कावाला, जामनवाला, मुरलीवाला सहित आसपास के कई गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा। गांव की महिला कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से भगवान का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश नेगी, मदन नेगी, वीरेंद्र नेगी, धीरेंद्र, देवेंद्र, लक्ष्मण, अंजू, पुष्पा, रेणु, बबिता सहित कई लोगों का सहयोग रहा।

### वायरिंग चोर गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया करीब चार किलोग्राम बिजली का कटा हुआ तार बरामद हुआ है। पांच अप्रैल को बलजिंदर कौर पत्नी स्व. देवेंद्र सिंह निवासी गुरू नानक कॉलोनी (दरियापुर), थाना नजीबाबाद ने तहरीर दी थी कि चोर ने घर में घुसकर मकान की बिजली की फिटिंग की वायरिंग काटकर चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 212/2026 धारा 305(क) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्त तसव्वर पुत्र तालीम अहमद निवासी अजुपुरा रानी, थाना नगीना देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में चोरी किया गया करीब चार किलोग्राम बिजली का कटा हुआ तार बरामद किया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक नरेंद्र शर्मा, कांस्टेबल विवेक और कांस्टेबल शादाब की टीम ने अंजाम दिया।

# कोल्ड ड्रिंक पीने से परिवार बेहोश

## निजी चिकित्सक के यहां चल रहा इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कोल्ड ड्रिंक पीने से एक परिवार के चार सदस्य बीमार पड़। जिन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

कोतवाली देहात के मौहल्ला रजा कॉलोनी निवासी रियाज अहमद अपने बीवी बच्चों के साथ आज सुबह बेहोशी की हालत में अपने घर में पाए गए, पड़ोसियों ने उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। होश में आने पर रियाज अहमद ने बताया कि बीती रात वह मौहल्ले की दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीद कर लाया था।





कोल्ड ड्रिंक उसकी पत्नी शबाना (35 वर्ष), बेटे आदिल (17 वर्ष), बेटी अबुल नाज (10 वर्ष) और छोटे बेटे अली सलामुद्दीन (8 वर्ष) ने पी थी। उसके बाद वह लोग सो गए थे, रियाज अहमद के अनुसार सुबह उनके मोबाइल पर उनके रिश्तेदारों के लगातार फोन आ रहे थे, लेकिन जब फोन नहीं उठा, तो रिश्तेदारों ने पड़ोस के लोगों से बात की।

पड़ोसियों के देखने पर पता लगा कि वह बेहोशी की हालत में पड़े हुए हैं। उन्हें डॉक्टर के यहां लाया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

हालांकि अभी किसी तरह की कोई शिकायत दुकानदार के खिलाफ नहीं की गई है। रियाज अहमद मूल रूप से फूलसंदा निवासी हैं। हाल में वह कोतवाली देहात की रजा कॉलोनी में रह रहे हैं।

# फादरसन स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादर सन पब्लिक स्कूल में आज इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

खो-खो प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, पैसिफिक हाउस, द्वितीय स्थान अमेजन हाउस, तृतीय स्थान ज्यूपिटर हाउस, चतुर्थ स्थान नाइल हाउस ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान नाइल हाउस, द्वितीय स्थान ज्यूपिटर हाउस, तृतीय स्थान पैसिफिक हाउस, चतुर्थ स्थान अमेजन हाउस ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं के लिए आयोजित मनोरंजक गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हाउस इस प्रकार रहे। कक्षा 1 (बालक वर्ग)




रिक्रिएशन एक्टिविटी: नाइल हाउस (प्रथम), कक्षा 1 (बालि. का वर्ग) बैलेंस रेस (हुला हूप्स): ज्यूपिटर हाउस (प्रथम), कक्षा 2 (बालक वर्ग) अपर बॉल एक्टिविटी: नाइल हाउस एवं पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 2 (बालिका वर्ग) टीमवर्क कोन शिफ्टिंग: ज्यूपिटर हाउस एवं पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 3 (बालक वर्ग) कोन शिफ्टिंग: पैसिफिक हाउस एवं ज्यूपिटर हाउस (प्रथम), कक्षा 3 (बालिका वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 4 (बालक वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 4 (बालिका वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 5 (बालक वर्ग) रिले रेस: अमेजन हाउस (प्रथम), कक्षा 5 (बालिका वर्ग) रिले रेस: नाइल हाउस (प्रथम) रहा। कार्यक्रम फिजिकल डिपार्टमेंट हेड विरेश कुमार यादव, डिसिप्लिन हेड अर्चना चौधरी तथा पीटीआई प्रिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी एवं प्राइमरी डिपार्टमेंट हेड मिनी फ्रांसिस ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से उन सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। जिन्होंने उपस्थित होकर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास का माध्यम बना, बल्कि उनमें अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना को भी सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ।

## बिजली लाइन बदलने के लिए आज छह घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। कल (आज) बढ़ापुर उपकेंद्र के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 33/11 केवी उपकेंद्र बढ़ापुर के आईपीडीएस फीडर की 11 केवी विद्युत लाइन की केबल बदलने का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य के चलते कल (आज) 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन ऋतु में बिजली की बढ़ती मांग और लोड को देखते हुए केबल बदलना आवश्यक है, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को बिना किसी कटौती या ट्रिपिंग के सुचारू रूप से बिजली मिल सके।

# बिंदल चीनी मिल क्षेत्र का औचक निरीक्षण

## गन्ना विकास और कीट नियंत्रण गतिविधियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिल एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा संचा. लित संयुक्त सर्वे और विकास गतिविधियों की जमीनी हकीकत जानने हेतु आज विभागीय अधिकारियों द्वारा बिंदल चीनी मिल क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान गन्ने की फसल को कीटों से बचाने के लिए चलाए जा रहे एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) अभियान की समीक्षा की गई। इससे पहले सर्वे कार्य का निरीक्षण करते हुए अपने भ्रमण की शुरुआत ग्राम नवादा और फीना की जिसमे सर्वेयर वरुण कुमार और रोहित कुमार खेतों में डिजिटल सर्वे करते हुए उपस्थित मिले। इस मौके पर अधिकारियों ने सर्वे की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

ग्राम फिना में कृषक चंदपाल के पेड़ी गन्ने के खेत में खरपतवार



नाशी के छिड़काव के साथ-साथ शगन्ना चूसक कीटों का प्रभाव पाया गया। इसके समाधान हेतु उन्हें साइपेरमेथलीन और इमिदाक्लोरोप्रिद के प्रयोग की सलाह दी गई। यह कीटनाशक चीनी मिल और गन्ना समितियों पर रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। इसी प्रकारकोसे- 13235 किस्म की पेड़ी में टॉप बोरर का प्रकोप देख कर प्रभावित शूट की कटिंग और चलोराएंटोनिलीप्रोले (सीटीपीआर) के प्रयोग का सुझाव दिया गया। इस दौरान ट्रेंच पद्धति और फेरोमोन ट्रैप का सफल प्रयोग देखने को मिला। ग्राम शिवाला कला में कृषक अश्वनी कुमार के ट्रेंच विधि से बोए गए को. 118 प्लाट का निरीक्षण किया गया। यहां लगाए गए फेरोमोन ट्रैप में 5 से 6 मोथ (शलभ) फंसे हुए पाए गए, जो कीट नियंत्रण की प्रभावशीलता को दर्शाता है। ग्राम तंगरौला में भी कृषक सुशील कुमार के शरद कालीन गन्ने में फेरोमोन ट्रैप के इंस्टालेशन और इमिडा के छिड़काव का अवलोकन किया गया। भ्रमण के अंतिम चरण में ग्राम पीपल जट में कृषक झाब्बर सिंह के खेत में शूट कटिंग का कार्य देखा गया, जहां लगभग 1-000 संक्रमित किल्ले (टिलर्स) नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि चीनी मिल प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की अब तक क्षेत्र में लगभग 7 लाख शूट कटिंग कराई जा चुकी है। उधर कृषकों में बीज बदलाव हेतु महिला समूहों द्वारा तैयार सीडलिंग की उपयोगिता बढ़ती जा रही है।

ग्राम हीमपुर एवं आतारुदीनपुर में कृषक श्रवण कुमार के यहां कोसे 18231 एवं 16202 की सीडलिंग का सत्यापन किया। कृषक द्वारा उपरोक्त सीडलिंग का उपयोग गेहूं के कटे हुए खेत में किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) रणनीति किसानों की लागत कम करने और पैदावार बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

## एक नजर

### आउट सोर्सिंग कर्मियों का हंगामा



**नहटौर।** नगर पालिका के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें सफाई कार्य के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन उनसे अन्य कार्य भी कराए जा रहे हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने इसे कार्य का अनुचित आवंटन बताया। कर्मचारियों ने नगर पालिका पर उत्पीड़न का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि उनका शोषण किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रविवार का अवकाश होने के बावजूद भी उनसे कार्य कराया जाता है। डंपिंग ग्राउंड व गऊशाला पर वर्दी पहनाकर हमें खड़ा करके पैसा निकाला जाता है। हमें पुलिस की धमकी दी जाती है। हंगामे के दौरान नगर पालिका के ईओ ओम गिरी ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से बातचीत की। ईओ ओम गिरी का कहना है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को आठ घंटे की ड्यूटी के लिए रखा गया है। उसके अनुरूप ही कार्य कराया जाएगा। यदि कोई सफाई कर्मियों से अन्य कार्य करता है, उसकी लिखित रिपोर्ट दें।

### भाजपा ने जीत का जश्न मनाया



**नहटौर।** भाजपा द्वारा स्थानीय जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक मंडल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य हालिया चुनावी जीत का जश्न मनाना और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना था। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल प्रभारी दयाशंकर राणा का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। नेताओं ने बंगाल और असम में पार्टी की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बैठक में संगठन के प्रति एकजुटता दिखाते हुए ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, वैभव गोयल, सिद्धांत जैन प्रशांत वर्मा, सुधीर चौधरी, ब्रजेश शर्मा, अर्पित गुप्ता, राजेश सैनी, सावन वाल्मीकि, धनंजय चौधरी, प्रदीप जोशी, समीर त्यागी, रामगोपाल सैनी, शोभित त्यागी, सिद्धार्थ जैन, विनीता शर्मा, रमीला पाल, राहुल चौधरी, नरेश पाल, मनुपाल सिंह, शेर सिंह, सुमित त्यागी, समशेर कुमार, सुमित वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि भाजपा मिशन 2027 के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सरकार की नीतियों को पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** जनता की समस्याओं को लेकर पूर्व भाजपा प्रत्याशी शुभम अग्रवाल उर्फ लवी अग्रवाल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इंडेन गैस गोदाम की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि गैस गोदाम में प्रतिदिन दिए जाने वाले सिलेंडरों की लिस्ट एक दिन पहले एजेंसी के बाहर चस्पा की जाए। दूर-दराज से आने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध कराया जाए, जिस पर मिस्ड कॉल करते ही प्रतिदिन की सिलेंडर लिस्ट अपलोड हो जाए। ज्ञापन में महिलाओं और विकलांगों को गैस गोदाम पर प्रथम वरीयता देने, लोगों के बैठने व स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही स्टाफ की कमी के कारण हो रही अव्यवस्था को दूर करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में एक रजिस्टर की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया गया, जिसमें आने वाला व्यक्ति अपना नाम, फोन नंबर, कनेक्शन नंबर व समस्या अंकित कर सके। भाजपा नेता शुभम अग्रवाल ने कहा कि इंडेन गैस गोदाम पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को देखते हुए व्यवस्थाओं में सुधार अति आवश्यक है। इस मौके पर रॉबिन बंसल, आयुष बंसल, दिनेश बंसल, संजीव अग्रवाल, दिनेश सक्सेना, राकेश, शिवम अग्रवाल, आशुतोष, अशोक व शशांक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सबरीमाला केस: बार-बार...**

उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुधारवादी बो. हराओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि बहिष्कार सीधे तौर पर मानव गरिमा को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मुवक्किल के पिता असगर अली इंजीनियर खुद बहिष्कार के शिकार रहे थे। रामचंद्रन ने कहा कि दाऊदी बोहरा समुदाय में धार्मिक प्रमुख को 'दाई' कहा जाता है, जिसे सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बच्चे बालिग होने पर दाई के प्रति पूर्ण निष्ठा की शपथ लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर धर्म में अनुशासन बनाए रखने के लिए कुछ नियम होते हैं, लेकिन असली सवाल सजा की सीमा और उसके मानव गरिमा पर असर का है। इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या याचिका आर्टिकल 32 के तहत 1962 के संविधान पीठ के फैसले को रद्द करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपने ही पुराने फैसले को ऐसे कैसे नजरअंदाज कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम भी सख्त नियमों से बंधे हैं। अगर हर आर्टिकल 32 की याचिका पर कान्सिट्यूशन बेंच के फैसले को बदला जाएगा, तो यह गंभीर मुद्दा है। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि कोर्ट मंगलवार को सबरीमाला मामले में इसी तरह की याचिकाओं पर सवाल उठा रहा था। ऐसे में अब अलग रुख नहीं अपनाया जा सकता। इससे पहले मंगलवार को कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन से भी सवाल किए थे। इसी एनजीओ की याचिका पर सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसी बीच, वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा ने पारसी महिला की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि अगर आर्टिकल 26(इ) को ज्यादा महत्व दिया गया, तो यह व्यक्तिगत धार्मिक अधिकारों को खत्म कर सकता है। खंबाटा के मुताबिक, आर्टिकल 26(इ) का उद्देश्य धार्मिक संस्थाओं को सरकारी हस्तक्षेप से बचाना है, न कि व्यक्तियों के अधिकारों को दबाना। बता दें कि यह मामला 1962 के फैसले को चुनौती देने से जुड़ा है, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

**बंगाल में...**

को जियागंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों पुरानी लेनिन की प्रतिमा को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया और दावा किया कि वे इसकी जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे। इस 'परिवर्तन' का आनंद लीजिए। मुर्शिदाबाद के अलावा कोलकाता सहित बंगाल के विभिन्न हिस्सों से तोड़फोड़ और झड़पों की खबरें सामने आई हैं। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**तमिलनाडु में...** ग्रहण समारोह आगामी नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। एक सुचारू और गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां चल रही हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक रहे, हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री भट्टाचार्य ने, राज्य के लिए भेजे गए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल, ज्योतिर्मय सिंह महतो और सौमित्र खान के साथ मिलकर, मंगलवार शाम को मुख्य सचिव दुष्यंत नारीवाला से मुलाकात की और इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। विधायकों की एक बैठक 8 मई को तय की गई है, जहां नेतृत्व से शपथ ग्रहण से पहले अहम फैसले लेने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया हालांकि, नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में प्रवेश करने से पहले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के उस कड़े रुख को दोहराया, जिसे उन्होंने भाजपा का तृणमूलीकरण कहा। वहीं केरल में नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं और मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में पहुंच गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं अजय माकन और मुकुल वासनिक को पर्यवेक्षक के रूप में राज्य भेजा है। दोनों नेता बुधवार शाम केरल पहुंचे। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद वे रवाना होंगे। केरल कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार सुबह आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक अपनी राय रखेंगे। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त दोनों पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें वीडी सतीशन, सनी जोसेफ, रमेश चेन्निथला, केसी वेणुगोपाल और शशि थरूर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

# बंगाल में 18 सीटों पर पांच हजार से कम रहा जीत का अंतर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कम से कम 18 ऐसी सीटें हैं जहां जीत का अंतर 5,000 वोटों से भी कम रहा है। वहीं कम से कम 20 और सीटों पर जीत का अंतर 5,000 से 10,000 के बीच रहा। यह साफ तौर पर दिखाता है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने कड़े मुकाबले वाले थे और मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया। चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में जारी किए गए इन बेहद रोमांचक मुकाबलों के नतीजों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे रही और उसने इन 18 में से 11 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस तृणमूल ने छह सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस के खाते में भी ऐसी ही एक जीत आई, जिससे यह बात उभरकर सामने आती है कि कैसे मुट्ठी भर वोटों ने भी अलग-अलग पार्टियों के नतीजों को तय करने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि राज्य में सबसे कड़ा मुकाबला राजारहाट न्यू टाउन में देखने को मिला, जहां भाजपा के पीयूष कनोडिया ने तृणमूल के तापस चटर्जी को महज 316 वोटों से हरा दिया, जो इस चुनाव में जीत का सबसे कम अंतर था। इसके अलावा कम से कम चार विधानसभा क्षेत्र इंडस, जंगीपारा, रैना और सतगाछिया ऐसे रहे जहां जीत का अंतर 1,000 वोटों से भी कम था, जो इन चुनावों में मुकाबले की जबरदस्त टक्कर को दिखाता है। इंडस में, भाजपा के निर्मल कुमार धारा ने तृणमूल की श्यामली रॉय बागदी को महज 900 वोटों से हराया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा आटोमेटिक वेंडिंग मशीन के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 26.05.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1513/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC-15-CAMC-HRD-HW_25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 26.05.2026 को 15:30 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं० | MC-15-CAMC-HRD-HW_25 |
| कार्य का नाम | "Annual Maintenance Contract (AMC) of LUKAS make HRD of SPARMV/HW for a period of three years at C&W Depot HW of MB Division" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनॉक एवं समय | | 26.05.2026 15:30 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 12,94,447.35/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

No.:- MC-15-CAMC-HRD-HW-25 Dated : 05.05.2026 1510/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महिला से छेड़छाड़ पर दरोगा को पीटा

## धार्मिक स्थल पर देर रात हंगामा, पुलिस और महिला पक्ष दोनों के आरोपों की जांच शुरू







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला क्षत्रिय नगर स्थित बाबा पानपदास समाधि स्थल परिसर में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब कस्बा इंचार्ज पर एक महिला ने अश्लील छेड़छाड़ के गंभीर आरा. ेप लगा दिए। आरोपों के बाद महिला के परिजनों और दरोगा के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दरोगा घायल हो गया। पुलिस ने घायल दरोगा को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना पुलिस विभाग से जुड़ी होने के कारण मामला बेहद संवेदनशील माना जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी पिछले करीब आठ माह से बाबा पान पदास समाधि स्थल परिसर में रह रहे थे। उसी परिसर में समाधि स्थल की खेती का ठेका लेने वाला परिवार भी निवास करता है।

महिला हेमलता पत्नी ओमवेश का आरोप है कि बीती रात वह शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान दरोगा ब्रह्मपाल गिरी वहां पहुंचे और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर छीना-झपटी हुई, जिसमें उसके कपड़े फट गए। महिला ने यह भी दावा किया कि हाथापाई के दौरान दरोगा की वर्दी की नेम प्लेट और स्टार टूटकर नीचे गिर गए।

महिला की चीख-पुकार सुनकर उसका पति और देवर राहुल मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसी दौरान दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि धक्का-मुक्की के दौरान उसका सिर दीवार से टकरा गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दरोगा को तत्काल उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

उधर पुलिस ने दरोगा ब्रह्मपाल गिरी की तहरीर पर ओमवेश और राहुल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं महिला द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों की भी जांच शुरू कर दी गई है। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में गुरु गद्दी विवाद का पहलू भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि दरोगा के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि महिला के आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है।

वहीं गुरु गद्दी के मुख्य पुजारी पूरन दास महाराज ने दावा किया कि दरोगा उनकी अनुमति के बिना परिसर में रह रहे थे। घटना के बाद धार्मिक स्थल और आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ लगी रही तथा दिनभर मामले को लेकर चर्चाएं होती रहीं।

### दरोगा से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार





**धामपुर।** पुलिस ने कस्बा इंचार्ज के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया, लोहे की रॉड, डंडा तथा पुलिस बैज भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वादी ब्रह्मपाल गिरी निवासी ग्राम हसनपुर, कोतवाली देहात, जनपद बुलंदशहर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ओमवेश पुत्र विजयपाल और राहुल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम तालमपुर थाना नहटौर ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की नीयत से मारपीट की गई। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओमवेश पुत्र विजयपाल एवं राहुल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम तालमपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि आरो. पियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक गोपाल, हेड कांस्टेबल चरणपाल, कांस्टेबल सौरभ एवं अमन शामिल रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत



### दो अन्य गंभीर कोहराम मचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे पर अट्टे वाले बाबा मंदिर के पास आज सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर के मौहल्ला चंदपुरा बंगाली कॉलोनी निवासी तुलसी राय (60 वर्ष) अपने पुत्र अरुण राय (38 वर्ष) के साथ बाइक से नूरपुर की तरफ जा रहे थे। शिवाला कलां निवासी जीशान (23 वर्ष) अपने साथी मौहम्मद समद (21 वर्ष) निवासी खेड़ा अतरौला (थाना नौगांवा सादात) के साथ बाइक से बिजनौर की तरफ आ रहा था।

ग्रामीणों के मुताबिक सुबह करीब आठ बजे अट्टे वाले बाबा मंदिर के सामने दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सक ने अरुण राय और जीशान को मृत घोषित कर दिया, जबकि तुलसी राय और मौहम्मद समद का उपचार जारी है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जनता के दिलों में जगह बनाकर विदा हुए इंस्पेक्टर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार यादव का रामपुर स्थानांतरण न सिर्फ एक प्रशासनिक बदलाव रहा, बल्कि भावनाओं से जुड़ा एक ऐसा पल बन गया, जहां पुलिस स्टाफ से लेकर आम ग्रामीणों तक ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। करीब पौने दो साल के कार्यकाल में अपनी कार्यशैली और व्यवहार से पहचान बनाने वाले निरीक्षक यादव को सम्मान और शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया।

स्थानांतरण की खबर मिलते ही मंडावली थाने में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना स्टाफ ने निरीक्षक संजय यादव को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान माहौल भावुक हो गया और कई कर्मियों ने उनके साथ बिताए पलों को याद किया। स्टाफ के सदस्यों ने कहा कि संजय यादव केवल एक अधिकारी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में हमेशा साथ खड़े रहे। उन्होंने टीमवर्क और अनुशासन के साथ काम करने की प्रेरणा दी, जिससे थाना कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया। मंडावली थाने में उनका करीब पौने दो साल का कार्यकाल रहा, जिसे स्टाफ और स्थानीय लोगों ने प्रभावी और जनहितैषी बताया। उनके नेतृत्व में कई मामलों का सफल निस्तारण हुआ और कानून-व्यवस्था को मजबूत किया गया। भागूवाला गांव के ग्रामीणों ने भी निरीक्षक यादव के स्थानांतरण पर प्रतिक्रिया दी। ग्रामीणों ने कहा कि उनका व्यवहार हमेशा सरल और सहयोगी रहा, जिससे आम लोगों को पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा। ग्रामीणों ने कहा कि एक अच्छे और व्यवहारिक अधिकारी का जाना निश्चित रूप से दुखद है, लेकिन यह संतोष भी है कि उन्हें पदोन्नति के साथ नई जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई के दौरान सभी ने उम्मीद जताई कि संजय यादव रामपुर में भी अपनी वही सकारात्मक और जनहितैषी छवि बनाए रखेंगे। स्टाफ और ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

# पुरानी रंजिश में किसान पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र के ग्राम लालबाग में पुरानी दुश्मनी एक बार फिर हिंसा में बदल गई। आरोप है कि रंजिश के चलते पड़ोसी ने न केवल किसान की फसल को नुकसान पहुंचाया, बल्कि उसके साथ मारपीट कर घायल भी कर दिया। बीच-बचाव में आए परिजन भी हमले का शिकार हुए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित किसान छिंदर उर्फ बिंदर का कहना है कि उसका पड़ोसी मोहन सिंह लंबे समय से उसके परिवार से रंजिश रखता है। इसी दुश्मनी के चलते आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

छिंदर सिंह ने आरोप लगाया कि मोहन सिंह अक्सर उसकी खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाता था। इसको लेकर कई बार कहा. सुनी भी हुई, लेकिन विवाद सुलझने के बजाय और बढ़ता गया। पीड़ित के अनुसार, बीती 13 अप्रैल को मोहन सिंह और उसके परिजनों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में छिंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के दौरान जब उसका चचेरा भाई सुखदेव सिंह बचाने के लिए आया, तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा। वह भी मारपीट में घायल हो गया।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मोहन सिंह, मंगल सिंह, परमजीत सिंह और सिमरन कौर के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हाइवे पर होर्डिंग्स खतरनाक

### तेज आंधी में टूट गिर रहे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेशनल हाइवे सहित अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स तेज हवाएं व आंधी चलने के दौरान खतरनाक साबित हो रहे हैं। विभागीय अधिकारी न तो होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रहे है और न ही इन होर्डिंग्स को हटवा कर अपने कब्जे में ले रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में विभिन्न नेशनल हाइवे एवं मुख्य मार्गों के किनारे हजारों की संख्या में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हुए है। कई जगह तो इन्हें पेड़ों, बिजली के खंबों एवं बल्लियों के सहारे लगाया गया है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। गर्मी के मौसम में आंधी व तेज हवाएं चल पड़ती है। दो दिन पूर्व आधी रात को जब तेज आंधी आई थी, तो जगह-जगह होर्डिंग्स टूट कर हवा में उड़ गए थे। कई जगह होर्डिंग्स हाइवे व अन्य मार्गों पर गिर गए थे। बैराज मार्ग पर तो एक होर्डिंग्स का टूकड़ा कार पर जा कर गिर गया था। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। सिविल लाइन में भी कई बोर्ड नीचे गिर गए थे। नगीना में नेशनल हाइवे पर धामपुर की तरफ होर्डिंग्स टूट कर नीचे गिर गया था। धामपुर-नहटौर मार्ग पर भी तीन होर्डिंग्स टूट गए थे। अगर आंधी दिन में आई होती, तो कई बड़े हादसे हो सकते थे। वो तो खुशकिस्मती रही कि रात को ट्रैफिक न के बराबर था।

गंभीर बात यह है कि अवैध रूप से लगाए जा रहे इन होर्डिंग्स को न तो संबंधित विभागों के अधिकारी उतरवा कर अपने कब्जे में ले रहे है और न ही लगाने वालों को नोटिस जारी कर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। शायद इन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है। जब हादसा हो जाता है, तो फिर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला विश्नोई सराय जोशीयान में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ बुरी तरह मारपीट और गाली-गलौच का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मौहल्ला विश्नोई सराय जोशीयान निवासी राजकुमार जोशी ने बताया कि एक मई की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनके पुत्र हिमांशु जोशी के साथ मौहल्ले के ही कुछ युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि यश व उज्जवल (पुत्रगण कुलदीप) और अभिषेक (पुत्र शेरू) ने हिमांशु को घेर लिया और उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए काफी मारपीट की। राजकुमार जोशी के अनुसार मारपीट में उनके पुत्र को काफी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर जाते-जाते हिमांशु को जान से मारने की धमकी भी दे गए। थाना नगीना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी यश, उज्जवल और अभिषेक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंच. ाना), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत पर जश्न

## मौसम चौधरी के कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की पुष्पांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सदर विधायक कार्यालय पर पश्चिम बंगाल एवं संदेशखाली विधानसभा में मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान राष्ट्रनायक, प्रखर विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं जोश देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके उपरांत उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान, राष्ट्रवाद की भावना एवं उनके सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस मौके पर मौसम चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल, विशेषकर संदेशखाली क्षेत्र में मिली यह ऐतिहासिक विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि पीएम मोदी के सशक्त, दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुख नीतियों तथा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह जीत आमजन के अटूट विश्वास, सुशासन की अपेक्षा और सकारात्मक परिवर्तन की स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

उन्होंने कहा कि देश की राजनीति के चाणक्य, कुशल रणनीतिकार गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल की सशक्त चुनावी रणनीति, सूक्ष्म संगठनात्मक संरचना एवं बूथ स्तर तक की सुदृढ़ योजना ने इस विजय को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विजय भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यकर्ताओं की निरंतर प्रतिबद्धता की जीत है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका उन्होंने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की चुनावी रणनीति को योजनाबद्ध एवं प्रभावी तरीके से क्षेत्र के प्रत्येक बूथ एवं जन-जन तक पहुंचाया गया, जिसका परिणाम इस ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इसी ऊर्जा, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहें। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह (चेयरमैन, गन्ना समिति), बिजेंद्र सिंह (ब्लॉक प्रमुख, हलदौर), जितेंद्र राजपूत (जिला उपाध्यक्ष), मानव सचदेवा, मनोज अहलावत (मंडल अध्यक्ष, मंडावर), दीपक मंडल (मंडल अध्यक्ष, मोहम्मदपुर देवमल), पुष्पराज कमल (मंडल अध्यक्ष, आदमपुर), अंकुर गौतम (नगर अध्यक्ष), राजीव राजपूत, रूपेंद्र राठी, मनदीप चौधरी, अभिषेक अहलावत, वरुण राजपूत, कपिल चौधरी सहित बिजनौर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके साथ ही मौसम चौधरी के साथ पश्चिम बंगाल गई 30 सदस्यों की टीम के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

सभी ने संदेशखाली विधानसभा में मिली ऐतिहासिक विजय को मौसम चौधरी के कुशल प्रबंधन, अनुशासन, समर्पण एवं सतत परिश्रम का परिणाम बताया और कहा कि भविष्य में भी उनके नेतृत्व में इसी जोश, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा में निरंतर जुटे रहेंगे। साथ ही सभी ने राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# बाइक-कार की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत



### परिजनों में कोहराम मचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नहटौर-हल्दौर हाईवे पर स्थित एससीएम स्कूल के सामने मंगलवार रात बाइक और कार की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद गंज निवासी सचिन (23 वर्ष) पुत्र संजय बीती रात करीब नौ बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एससीएम स्कूल के सामने उसकी बाइक की एक कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जनगणना अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं : डीएम

## स्व-गणना कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत समस्त तहसीलों एवं 18 नगर निकायों में आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि कल (आज) से स्व-गणना कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत समस्त तहसीलों एवं 18 नगर निकायों से की जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करते हुए जनगणना 2027 के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना में जन सहयोग के प्रति व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें। जनगणना 2027 के अंतर्गत (स्व-गणना) की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर प्रभारी जनगणना अधिकारी जेपी यादव सहित समस्त फील्ड ट्रेनर्स, चार्ज अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय मौजूद थे।

एडीएम वित्त एवं राजस्व सिंह द्वारा बैठक में स्व-गणना अभियान जो 07 मई से 21 मई 2026 संचालित होने वाले कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्व-गणना की महत्ता एवं उसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी करते हुए बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार का विवरण दर्ज करा सकते हैं। (स्व-गणना) की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि पोर्टल पर मोबाइल आधारित व्न्च से पंजीकरण, लॉगिन कर परिवार का विवरण भरना, धारित परिसंपत्तियों एवं आवासीय जानकारी दर्ज करना तथा अंतिम सबमिट कर Self Enumeration ID प्राप्त करना है। बताया गया कि आवश्यकता होने पर सीएससी/हेल्प डेस्क से सहायता प्राप्त की जा सकती है।




उन्होंने दिवसवार कार्यक्रम (तिथि अनुसार) की जानकारी देते हुए बताया कि 07 मई 2026 राजस्व एवं प्रशासन दिवस राजस्व, जीएसटी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभागों में विशेष सत्र एवं तहसील कैंप आयोजित किए जाएंगे। 08 मई 2026 को स्थानीय निकाय/ग्रामीण विकास/कृषि दिवस नगर निकाय, ग्राम पंचायत, प्रधान एवं कृषि संस्थानों की सहभागिता, 09 मई 2026 को युवा एवं खेल/मीडिया दिवस क्लब, स्टेडियम, NSS/NCC एवं मीडिया संस्थानों के माध्यम से प्रचार-प्रसार, 10 मई 2026 को प्रतिष्ठित व्यक्तित्व/आवासीय समूह दिवस पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, सोसायटी एवं शहरी समूहों में जागरूकता कार्यक्रम, 11 मई 2026 को न्यायिक दिवस न्यायालय एवं बार एसोसिएशन की भागीदारी, 12 मई 2026 को वर्दीधारी बल दिवस पुलिस, पीएसी एवं अर्द्धसैनिक बलों के माध्यम से सहभागिता, 13 मई 2026 को केंद्रीय कार्यालय दिवस बैंक, रेलवे, डाकघर एवं अन्य केंद्रीय संस्थानों में अभियान, 14 मई को 2026 शिक्षा दिवस स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, विश्वविद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, 15 मई 2026 को स्वास्थ्य दिवस चिकित्सा विभाग, नर्सिंग होम, आयुष इकाइयों की सहभागिता, 16 मई 2026 को उद्योग एवं परिवहन/इंजीनियरिंग दिवस व्यापारिक प्रतिष्ठान, मंडी, होटल, परिवहन क्षेत्र को शामिल किया जाएगा, 17 मई 2026 को महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता एवं SHGS की भागीदारी, 18 मई 2026 को डिजिटल सहायता/विशेष आवश्यकता दिवस सीएससी, पंचायत भवन एवं नगरीय वार्डों में हेल्प डेस्क/कियोस्क स्थापित होंगे, 19 मई 2026 को वर्क फ्रॉम होम दिवस ऑनलाइन कार्य करने वाले एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को लक्षित किया जाएगा तथा 20 मई 2026 को प्राइड दिवस LGBTQ समुदाय के बीच विशेष जागरूकता अभियान का संचालन होगा। एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप एवं स्थानीय माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए स्व-गणना अभियान को जनपद सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त, जनपद में नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स को इस संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा समस्त जार्च ऑफिसर्स को भी स्व-गणना प्रक्रिया एवं अभियान संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

## एक नजर

### पैथ लैब से चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



**किरतपुर।** पुलिस ने पैथोलॉजी लैब में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो बैटरे, एक इन्वर्टर तथा घटना में प्रयुक्त एक सैंट्रो कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार ग्राम बूढ़पुर नैन सिंह निवासी शिवा चौधरी ने 6 मई को तहरीर देकर बताया था कि 28/29 अप्रैल की रात अज्ञात चोर उनकी पैथोलॉजी लैब का ताला तोड़कर दो बैटरे और एक इन्वर्टर चोरी कर ले गए। मामले में थाना किरतपुर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान राशिद कुरैशी, अखलाक अहमद और जमशेद के नाम प्रकाश में आए। बुधवार को पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी बब्लू उर्फ सीटी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी का सामान मीरापुर निवासी अखलाक अहमद को लगभग 12 हजार रुपए में बेचा गया था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। फरार आरोपी बब्लू उर्फ सीटी की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राशिद कुरैशी पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीपक नागर कांस्टेबल कपिल, गौरव कुमार चंद्रशेखर, सहित थाना किरतपुर पुलिस के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### विवादित सम्पत्ति पर नुमाईश को लेकर विवाद



**शेरकोट।** विवादित निजी संपत्ति पर कथित रूप से अवैध नुमाइश (मेला) लगाने की तैयारी से नया विवाद खड़ा हो गया है। मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विपक्षीगण बिना किसी वैध अनुमति के जबरन मेला आयोजित करने की कोशिश कर रहे हैं। संबंधित भूमि को लेकर पीड़िता बुशरा शुएब का उनके ही परिवार वालो से मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।विवादित संपत्ति नगर में एक पेट्रोल पंप के निकट स्थित बताई जा रही है, जिसे शिकायतकर्ता ने अपनी निजी संपत्ति बताया है। शिकायतकर्ता बुशरा शुएब का आरोप है कि उसके ही परिवार के लोग इस जमीन पर अवैध रूप से नुमाइश (मेला) लगाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि न तो इस आयोजन के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति ली गई है और न ही भूमि का स्वामित्व सार्वजनिक या सरक. ारी है। इसके बावजूद मेले की तैयारियां शुरू किए जाने की सूचना मिली है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस अवैध आयोजन पर रोक लगाई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। कुछ लोगों का कहना है कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का आयोजन तब तक नहीं होना चाहिए, जब तक न्यायालय से अंतिम निर्णय न आ जाए। वहीं, प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अजीत सिंह की पुणतिथि पर हवन-यज्ञ



**बिजनौर।** रालोद जिला कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक व किसानों के सच्चे हितैषी चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन में आहुति देकर एवं उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर हवन में जजमान रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप रहे तथा हवन को संपन्न राधेश्याम चिकारा ने कराया। उसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने चौधरी साहब के जीवन पर उनके द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन किसानों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और जनसेवा के लिए समर्पित रहा, जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। प्रदेश में जो किसान खुशाल हुआ है, उसमें चौधरी अजीत सिंह का बड़ा योगदान है। उद्योग मंत्री रहते हुए प्रदेश के अंदर शुगर मीलें स्थापित कराने का काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप ने की। संचालक संजीव चौधरी ने किया। पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह, प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, पूर्व प्रत्याशी डा. नीरज प्रदेश, सचिव तारीख अली, सरदार बलबीर सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लव कुश फौजी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हसनैन, राजीव कुमार बॉबी, ब्रजवीर सिंह आर्य, जबरपाल सिंह, विश्वजीत सिंह, अनुज कुमार, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव आशु राणा, पूनम चौधरी, चौधरी अलबेल सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, अनुराग मलिक, चौधरी सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, सुरेश पाल, डा. समरपाल, महेंद्र सिंह, मास्टर इंद्रमणि, ओमव. ीर सिंह, ओम सिंह, राम सिंह, राकेश कुमार, वकील अहमद, शमीम अहमद राजेश कश्यप, डा. मोहन कश्यप, राजवीर सैनी, जवाहर पाल सिंह, विजेंद्र प्रधान, सत्येंद्र कुमार, चौधरी धर्मेंद्र सिंह, आफताब आदि मौजूद रहे।-----

# सफाई के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक



## बाल-बाल बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला अकबराबाद चौक में आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कमरे की सफाई करते समय लोहे की रॉड हाईटेंशन लाइन से छू जाने के कारण एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब स्थिर है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अकबराबाद चौक निवासी मौहम्मद फारूक (60 वर्ष) पुत्र मोबिनुद्दीन अपने घर के कमरे की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान पर्दे की रॉड खिड़की से बाहर की ओर निकल गई। घर के बाहर मात्र तीन फुट की दूरी से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से रॉड जैसे ही टच हुई, जोरदार धमाका हुआ। करंट का झटका इतना तेज था कि फारूक पीछे की ओर जा गिरे और रॉड तारों में ही फंस गई।

धमाके और फारूक के गिरने की आवाज सुनकर पास में ही वेल्डिंग की दुकान चलाने वाले शाहनवाज अहमद, अन्य दुक. ानदार और परिजन मौके की ओर दौड़े। करंट से हो रहे ब्लास्ट और अफरा-तफरी के बीच तुरंत विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली कटवाई गई और तारों में फंसी रॉड को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

परिजनों ने तत्काल फारूक को धामपुर रोड स्थित एसडीएम कोर्ट के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और शुभचिंतक उनका हाल जानने पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार, फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर है।

रिहायशी इलाके में मकान के करीब से गुजर रही हाईटेंशन लाइन स्थानीय लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। इस खतरनाक लाइन की चपेट में आने से इलाके में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें एक व्यक्ति की जान जा चुकी है। स्थानीय निवा. सियों ने बताया कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग से इन तारों को हटाने की गुहार लगाई, लेकिन विभाग की उदासीनता बरकरार है। आए दिन हो रहे इन हादसों से लोगों में भारी आक्रोश और डर का माहौल है। निवासियों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# भाजपा कार्यालय पर जिला कार्य योजना बैठक

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की कार्य योजना पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला कार्य योजना बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता तथा जिला महामंत्री दिनेश सैनी के संचालन में किया गया।




बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि सेवा, समर्पण और संगठन, यही कार्यकर्ता की असली पहचान है। राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और स्वयं अंतिम, यही हमारा मूल मंत्र है।

प्रशिक्षण से विचार सशक्त होते हैं और सशक्त विचार ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं। हर कार्यकर्ता समाज की आशा है, और उसका कर्त्तव्य है कि वह जनसेवा में सदैव तत्पर रहे। उन्होंने कहा कि विचारधारा से जुड़कर ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।

क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी हरिओम शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को जब तक जीना है तब तक सीखना है, इसलिए ही समय-समय पर उसका प्रशिक्षित होना आवश्यक है, यदि ऐसा नहीं होगा तो उसमें जड़त्व बढ़ने की संभावना बनेगीं।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि व हरजिंदर कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, चेयरपर्सन बिजनौर इंद्रा सिंह ,सुमन त्यागी, महेंद्र धनौरिया, डा. तेजपाल वर्मा, ऐश्वर्य चौधरी मौसम, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, राकेश चौधरी, बिजेंद्र सिंह, डा.रश्मी रावल, महिला आयोग सदस्य, संगीता अग्रवाल, डा. बीरबल सिंह, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, रजनी कालरा, जितेंद्र राजपूत, माया पाल, नीरज विश्नोई फूल सिंह चौधरी, तुषार गौड़, जिला मंत्री विनोद राठी, शिखा गुप्ता, तिलक राज सैनी, मोनिका यादव, केशव चौधरी, प्रभात यदुवंश, जयवीर पंचवाल, जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, विक्रांत चौधरी, गोपाल धीमान, अन्नी त्यागी, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, मनोज अहलावत, राजीव अग्रवाल, डा. विनीत देवरा, चौधरी नवनिहाल सिंह, सुधींद्र चौधरी, शोभित त्यागी, रंजीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, खेल सिंह राजपूत, सुधीर भुइयार, मनीषा सैनी, नकुल अग्रवाल, वरुण आत्रेय, अभिषेक यादव सहित प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की मदद ही असली इबादत : मुफ्ती नबील रशीदी

**नगीना।** जमीयत उलेमा के नायब जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए मुसलमानों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने प्रेस नोट जारी कर कहा कि मौजूदा दौर में इंसानियत, हमदर्दी और सेवा की भावना ही समाज को मजबूत बना सकती है। मुफ्ती नबील रशीदी ने कहा कि इस्लाम इंसानियत, हमदर्दी और त्याग का पैगाम देता है। जरूरतमंदों की मदद करना न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह एक बड़ा धार्मिक कार्य भी है। उन्होंने नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षाओं का हवाला देते हुए कहा कि सबसे अच्छा इंसान वही है, जो दूसरों के लिए सबसे अधिक लाभदायक हो। मुफ्ती रशीदी ने कहा कि आज के समय में लोगों को केवल अपने हित तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा और एकता तभी मजबूत होगी, जब हर व्यक्ति सेवा भाव के साथ दूसरों की मदद करेगा। यही एक स्वस्थ और मजबूत समाज की पहचान है। मुफ्ती रशीदी के अनुसार, दीन की शिक्षा हमें बताती है कि इंसानियत की सेवा करना अल्लाह की रजा हासिल करने का सबसे बेहतर जरिया है, जिससे दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी मिलती है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की जरूरत बताई। साथ ही सभी से ईमानदारी, सच्चाई और इंसाफ के साथ सेवा कार्य करने का आग्रह किया


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक:-130/न.पा.परि.चान्दपुर/2026 — दिनांक: 06.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या WPIL संख्या 1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियमन) अधिनियम-1975 उत्तर प्रदेश पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियन्त्रण) नियमावली-2005 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद, चान्दपुर की सीमान्तर्गत पार्क, खेल के मैदानों एवं खुले स्थानों की सूची तैयार कर ली गयी है। उ.प्र. पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियन्त्रण) नियमावली-2005 के नियम-4 के अधीन तैयार की गयी सूची का प्रकाशन निकाय क्षेत्रान्तर्गत प्रबन्धन के अधीन रिक्त भूमियों यथा- बंजर/नवीन परती में प्रस्तावित पार्कों/खेल के मैदान को नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु भूमि का चिन्हांकन करते हुए आरक्षित किया जाना है तथा समस्त भूमियों को सम्पत्ति रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य कराया जाना है। उक्त भूमि चिन्हांकन हेतु निकाय द्वारा प्रकाशित सूची पर यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति/ अनापत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 03 माह की समयावधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति/अनापत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के उपरान्त प्रकाशित सूची पर प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रपत्र-1**

**पार्कों, खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**

स्थानीय निकाय का नाम :- नगर पालिका परिषद, चान्दपुर, जनपद-बिजनौर।
सूची :- पार्क
वार्ड का नाम तथा संख्या :- वार्ड नं. 02 मौ. मुफ्ती सराय, चान्दपुर।

| क्र. सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल.xचौ. | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बास्टा रोड मौ. मुफ्तीसराय, चान्दपुर ओपन जिम पार्क गाटा संख्या-1086 | वार्ड नं. 02 | 30x20 मी. | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**चान्दपुर ( बिजनौर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**चान्दपुर ( बिजनौर )**


# संगठन सर्वोपरि, 36 बिरादरियां एक समान: ऐश्वर्य मौसम चौधरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने तालिब-खालिद बंधुओं प्रकरण को लेकर स्पष्ट कहा कि उनके लिए संगठन सर्वोपरि है और वह हमेशा पार्टी व संगठन के निर्देशों के अनुसार ही कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस दिन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी के साथ घटना हुई थी, उस समय वह प्रदेश संगठन मंत्री की माता के आराष्टि कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी दौरान उन्हें रॉबिन का फोन आया कि संजीव बालियान सहित कुछ लोग घर पर आ रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि घटना के दिन उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई थी, लेकिन जब पंचायत में बुलाया गया, तो उन्होंने पहले भाजपा जिला अध्यक्ष से बात करना उचित समझा। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने उन्हें प्रदेश संगठन मंत्री से बात करने को कहा। प्रदेश संगठन मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि संगठन पूरे मामले को गंभीरता से देख रहा है और न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन जैसा आदेश देता है, वह उसी के अनुसार कार्य करते हैं और पूरे प्रकरण में जो भी कार्रवाई हुई है, वह संगठन के निर्देश पर ही हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बिरादरीवाद की राजनीति से दूरी बनाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने जाट बिरादरी के नाम पर आंदोलन की बात कही थी, लेकिन वह कभी बिरादरीवाद में विश्वास नहीं रखते। उनके लिए सभी 36 बिरादरियां समान हैं और सनातन सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा से वह समाज और सनातन की सेवा कर रहे हैं तथा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहे हैं।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. सैफ हुसैन मेरे कहने-सुनने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है। गलत संगत में उठने बैठने लगा है। जिस कारण मेरी व मेरे परिवार की समाज में छवि धुमिल हो रही है। मैंने व मेरे परिवार के सदस्यों ने मौ. सैफ हुसैन को समझाया कि वह अपनी हरकतों से बाज रहे, लेकिन वह किसी भी प्रकार सुनने व मानने के लिए तैयार नहीं है। जिस कारण मैं अपने पुत्र की हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गई हूं। इस लिए मैंने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से 06.05.2026 को बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-श्रीमती नसरीन पत्नी स्व. इस्तखार हुसैन निवासी मौ. रम्पुरा, कस्बा, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# खेत में मिला युवक का शव

## जमीनी विवाद के बीच संदिग्ध हालात में हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम अमखेड़ा में आज सुबह खेत में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम परमवाला निवासी जयप्रकाश उर्फ मोनू (40 वर्ष) पुत्र दलपत सिंह कुछ समय पहले अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर ग्राम अमखेड़ा में खेत के पास बने मकान में रह रहे थे। परिजनों के मुताबिक जमीन का सौदा रिश्तेदारी में हुआ था और पूरी रकम दिए जाने के बावजूद अब तक बैनामा नहीं हुआ था, जिसको लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। आज सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे, तो उन्होंने जयप्रकाश को खेत में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर वह मृत अवस्था में मिले। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना परिवार और पुलिस को दी।

घटनास्थल के पास कथित रूप से जहरीले पदार्थ भी पड़ा मिला, जिससे जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। सूचना मिलते ही मृतक के भाई व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर बदहवास हो गए। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल बन गया। सीओ अभय पांडे, प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# पिता की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने गटका कीटनाशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पिता की डांट से नाराज युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मौहल्ला कलालान निवासी मतलूब अली ने बीती शाम अपने 22 वर्षीय पुत्र शोएब किसी बात को लेकर डांट दिया था। पिता की डांट शोएब को इतनी नागवार गुजरी कि उसने क्षुब्ध होकर घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जहर का सेवन करने के कुछ देर बाद, शाम लगभग 7:45 बजे जब शोएब की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं, तो उसने परिजनों को जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। यह सुनते ही घर में को. हराम मच गया। शोएब का बड़ा भाई सुहेल अन्य परिजनों और पड़ोसियों की मदद से उसे तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे। युवक के जहर खाने की खबर मौहल्ले में आग की तरह फैल गई, जिससे देखते ही देखते अस्पताल परिसर में स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ जमा हो गई। सीएचसी में तैनात चिकित्सक ने तत्काल युवक का उपचार शुरू किया और जहर निकालने के लिए उसे उल्टियां आदि कराई। काफी प्रयासों के बाद भी जब शोएब की हालत में सुधार नहीं हुआ और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी रही, तो चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल शोएब को बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता



**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में इंटर हाउस सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं आकर्षक पेय पदार्थ तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वॉटर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉटर हाउस की इंचार्ज पारुल मेहरा रहीं। विजेता टीम में अनिष्का (12 बी), नाजमा (11 सी), अलीशा (11 बी), देव बलियान (11 बी), शिफा (10 बी), खुशबू (12 बी), मनीषा (10 बी) एवं शहरीन (9 बी) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुति, स्वाद एवं सजावट से निर्णायकों को प्रभावित किया। एयर हाउस की इंचार्ज रेनुका गौतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्थ हाउस की इंचार्ज शाहिदा एवं फायर हाउस की इंचार्ज स्वाति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी हाउसों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं लगन के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता निभाई। निर्णायक के रूप में अंजू वशिष्ठ एवं नीरा तोमा उपस्थित रहीं। दोनों निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों, प्रस्तुति एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने दोनों निर्णायकों को प्लांटर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल की देखरेख में किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बताया।

### स्मार्ट मीटर व अवैध खनन का विरोध



**नजीबाबाद।** भकियू लोकशक्ति ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर मासिक पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रशासन को स्मार्ट मीटर और सुंदरवाली में चल रहे अवैध खनन सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंचे पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान के लिए एक बड़े आंदोलन की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले में बड़ी फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित जल और धुएं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे मानव जीवन को विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुंदरवाली में चल रहे अवैध खनन पर शासन-प्रशासन की कथित अनदेखी पर भी चिंता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की इन बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले एक बड़ा जन आंदोलन शुरू करना पड़ेगा। मासिक पंचायत के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार और नायब तहस. लिदार ममता भी किसानों के बीच पहुंचे। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने उन्हें किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

### एलएलबी पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल





**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएलबी पंचम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि एलएलबी पंचम सेमेस्टर में छात्रा प्रकृति बंसल ने प्रथम, महक ने द्वितीय तथा अंशिका वशिष्ठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वाटर कूलर स्थापित कराने की मांग



**किरतपुर।** नगर स्थित हजरत अहमद शाह एवं गुलाब शाह दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शीतल पेयजल कूलर लगाए जाने की मांग उठी है। वरिष्ठ समाजसेवी तल्हा मकरानी ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद किरतपुर को ज्ञापन सौंपकर दरगाह परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराने की मांग की। अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि दरगाह पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु एवं विभिन्न समुदायों के लोग जियारत के लिए पहुंचते हैं। भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की काफी आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन दरगाह परिसर एवं आसपास नगर पालिका की ओर से अभी तक कोई सार्वजनिक पेयजल कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तल्हा मकरानी ने नगर पालिका से जनहित को ध्यान में रखते हुए दरगाह परिसर में 40/60 लीटर क्षमता का स्टेनलेस स्टील स्टोरेज टैंक युक्त वाटर कूलर शीघ्र लगवाने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

# पत्नी के नाम खरीदी स्कॉर्पियो शोरूम से ले आई प्रेमिका, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के नामचीन लोहा कारोबारी दो भाइयों की मुश्किल कम होने का नाम नहीं है। दरअसल अलग रह रही पत्नी ने धोखाधड़ी करते हुए स्कॉर्पियो खरीदने में पति, जेठ और पति की प्रेमिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि उसके पति के एक महिला से अनैतिक संबंध हैं, उसी ने शोरूम से इस कार डिलीवरी ली थी।

मौहल्ला बुखारा के रहने वाले लोहा कारोबारी जहीर अहमद के बेटे फरहान और सलीम उनका कारोबार देखते हैं। दिल्ली मायके में रह रही फरहान की पत्नी रुखसार ने शहर कोतवाली में पति फरहान, जेठ सलीम और अलका यादव निवासी सोतीगंज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि फरहान के अलका यादव से अनैतिक संबंध हैं। कहा कि उसके फोटो और आधार कार्ड का इस्तेमाल करते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी। गाड़ी की डिलीवरी तीस जून को अलका यादव ने ली। इसके साथ ही गाड़ी का पंजीकरण कराने के लिए उसके फर्जी हस्ताक्षर बनाए गए। जिस वक्त यह गाड़ी खरीदी गई थी, उस दौरान 11 जून 2025 से 7 जुलाई तक वह मुंबई में रही। इससे पांच महीने पहले दिसंबर में मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त गाड़ी का इस्तेमाल कश्मीर या राजस्थान में भेजकर कोई घटना कराई जा सकती है। बता दें कि पीड़िता इससे पहले भी एक और प्राथमिकी दर्ज करा चुकी थी, जिसमें ससुर पर रेप का आरोप था। उस मामले में पति व अन्य लोगों पर भी आरोप लगाए गए थे। उधर लोहा कारोबारी फरहान ने बताया कि गाड़ी की डिलीवरी लेने के लिए रुखसार ने अलका यादव से कहा था, आरोप निराधार है। गाड़ी मेरे पास ही है।

# शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय के चेक वितरित

## विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नजीबाबाद मार्ग स्थित फार्म में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने की।



इस मौके पर विधायक धामपुर अशोक राणा, नहटौर ओम कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह और जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के शिक्षामित्रों को मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय उनकी लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे शिक्षामित्रों के जीवन स्तर में सुधार होगा और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। डीएम जसजीत कौर ने शिक्षामित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे बेसिक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने जोर दिया कि सरकार उनके हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। डीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षामित्रों के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय से संबंधित शासनादेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षामित्रों के लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। इसके अतिरिक्त, डीएम ने शिक्षामित्रों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने और विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न शैक्षिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। इनमें नवाचार, विज्ञान, पर्यावरण और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल शामिल थे।

इस मौके पर बीएसए सचिन कसाना, पूर्व विधायक चांदपुर कमलेश सैनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# साहनपुर चेयरमैन भावी उम्मीदवार घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के चंदनपुरा ग्राम में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की बैठक राजनीतिक संदेशों से गूंज उठी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को भावी उम्मीदवार घोषित कर दिया। सभा में बहुजन एकता, राजनीतिक बदलाव और नई दिशा की बात जोर-शोर से उठी।



आजाद समाज पार्टी की बैठक

चंदनपुरा में आयोजित बैठक ने स्थानीय स्तर पर बड़ा राजनी. तिक संकेत दिया। ग्रामीणों ने खुलकर समर्थन जताते हुए 2027 के चुनाव के लिए खुर्शीद मंसूरी को मैदान में उतारने का ऐलान किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दलित, मुस्लिम और पिछड़े वर्ग से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह समय अपने हक और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने का है।

वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। इसके चलते अब बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। सभा में यह भी कहा गया कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने हर मुश्किल समय में मुस्लिम समाज का साथ दिया है, जिससे पार्टी के प्रति भरोसा बढ़ा है।

सभा की अध्यक्षता कर रहे हाजी साबिर ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पिछले 15 वर्षों से विकास से वंचित है। उन्होंने कहा कि जनता आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में राशिद, सरफराज, जाकिर, हनीफ, आकिब, महमूद, शाहिद, साजिद, नसीम, शाहबाज, ताहिर हुसैन और फिरासत हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी साबिर और संचालन उबैद नजीबाबाद ने किया।

# पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक सिंचाई विभाग के फील्ड हॉस्टल में जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संगठन बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। बहुत शीघ्र आंदोलन क्रमबद्ध किया जाएगा। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। क्योंकि एनपीएस ने केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया है। देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य एनपीएस में सुरक्षित नहीं है। पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। एनपीएस को लेकर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी में आक्रोश प्राप्त है। जिसे सरकार को समझना होगा और पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। बैठक में जितेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, अमित कुमार, मौहम्मद शादाब, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, अशोक कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, योगेंद्र कुमार, शाहनवाज, नाहर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# आरवीआईटी में हेप्पीनैस कार्यक्रम



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी में श्रीश्री रवि शंकर की संस्था 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा तीन दिवसीय हेप्पीनैस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को तनावमुक्त जीवन, मानसिक शांति, व्यस्त दिनचर्या मे अपनी एकाग्रता एवं ऊर्जा को बनाए रखना और स्वस्थ जीवन के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग' की तरु से मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक के रूप में आशीष ने आर्ट ऑफ लिविंग की विभिन्न क्रियाओं की जानकारी दी एवं कुछ क्रियाओं को कराया जिसमे श्वास संबंधी विभिन्न क्रियाए जैसे अनुलोम विलोम, उज्जई श्वास, सुदर्शन क्रिया के अभ्यास के साथ इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनता है तथा सुदर्शन क्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रतिभागियों से इसका अभ्यास नियामत रूप से करने का सुझाव दिया। उन्होंने इसके नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ध्यान पद्धति न केवल तनाव को कम करती है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। कार्यक्रम के तीसरे दिन युवा किसान नेता व आर्ट ऑफ लिविंग से सम्बद्ध दिगंबर सिंह भी उपस्थित रहे। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं स्वंयसेवकों का आभार प्रकट किया और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# बैंकट हॉल में बारात चढ़त के दौरान युवक के साथ जमकर मारपीट

**नहटौर।** ग्राम गोपालपुर निवासी शीशराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका नाती शिवम कुमार सदरुद्दीननगर के एक बैंकट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। शाम करीब चार बजे बारात में नाचने के दौरान शिवम का कुछ युवकों से विवाद हो गया था, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने शांत करा दिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर बैंकट हॉल के अंदर शिवम को घेर लिया। उन्होंने शिवम को नीचे गिराकर उसके साथ अभद्रता की और जान से मारने की नीयत से उसका गला घोंटने का प्रयास किया। तहरीर में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने शिवम की कनपटी पर तमंचा सटा दिया और शोर मचाने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शिवम के गले पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में नामजद तहरीर दी है।

# ट्यूबवेलों पर चोरी से किसानों में रोष

## मंडावली क्षेत्र में पन्द्रह दिन में चौबीस वारदातें, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ब्लॉक के मंडावली थाना क्षेत्र में किसानों की मेहनत पर चोरों ने संगठित हमला बोल दिया है। पांच और छह मई की रात आठ ट्यूबवैलों से केबल और कीमती सामान चोरी होने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। बीते 15 दिनों में करीब 24 वारदातों ने न सिर्फ किसानों की नींद उड़ा दी है, बल्कि पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



गदाई और गांवड़ी रोड के जंगलों में चोरों ने एक ही रात में आठ किसानों के ट्यूबवैलों को निशाना बनाया। हजारों रुपए की केबल और अन्य सामान चोरी कर लिया गया। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। चोरों ने अलग-अलग तरीकों से ट्यूबवैलों को निशाना बनाया। कहीं दीवार काटी गई, कहीं ताले तोड़े गए और कई जगहों पर बाहर से ही केबल काटकर ले जाई गई। जिससे उनकी योजना और तैयारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। गदाई रोड पर इरफान, विकास और खुर्शीद के ट्यूबवैल प्रभावित हुए। जबकि गांवड़ी रोड पर सुरेश कुमार, सुंदर चौहान, महेश शर्मा, सुनील कुमार और भगवत सिंह को नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा मीरमपुर बेगा, मुस्सेपुर और भागुवाला में भी लगातार चोरियां हो रही हैं। किसानों के अनुसार, पिछले 15 दिनों में करीब 24 ट्यूबवैलों से केबल चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि रात्रि गश्त केवल कागजों में चल रही है, जिससे चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अब तक किसी भी मामले का खुलासा न होना भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। भारतीय किसान संगठन एकता के जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी ने चेतावनी दी है कि जल्द खुलासा नहीं हुआ, तो किसान धरना-प्रदर्शन करेंगे। वहीं थाना प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी और चोरों को पकड़ने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

# सत्व रज और तम तीनों गुण करते हैं मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गीता ज्ञान यज्ञ के सात दिवसीय छठे सौपान का शुभारंभ भजन-कीर्तन के साथ हुआ। कार्यक्रम में गीता व्यास ने मानव जीवन में बुद्धि, गुण और कर्म के गहरे संबंध को स्पष्ट किया।

हयात नगर में दीपा वार्ष्णेय की अध्यक्षता में चल रहे गीता ज्ञान के छठे दिन स्वामी कृष्णानंद झा ने बताया कि व्यक्ति की प्रकृति उसकी बुद्धि के अनुसार होती है। मनुष्य जैसी बुद्धि का होता है, उसका आंतरिक स्वरूप भी वैसा ही बन जाता है। व्यक्ति अपनी बुद्धि के अनुरूप ही कर्म करता है और उन्हीं कर्मों के अनुसार सुख-दुख का फल भोगता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बुद्धि की प्रकृति और उसके गुणों को समझना अत्यंत आवश्यक है। यही बुद्धि के विकास का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि सत्व, रज और तम'' ये तीनों गुण ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। सत्वगुण व्यक्ति को सद्कर्म और धर्म के मार्ग पर प्रेरित करता है, जिससे वह कर्मयोगी बनता है। रजोगुण व्यक्ति को स्वार्थ की ओर ले जाता है, जिससे उसके धर्म-कर्म भी स्वार्थ से प्रेरित हो जाते हैं और वह पाखंड की ओर अग्रसर होता है। वहीं तमोगुण व्यक्ति को प्रमाद और अज्ञान में डाल देता है, जिससे उसका विकास रुक जाता है। स्वामी जी ने जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं निर्णय करना चाहिए कि वह अपनी बुद्धि का विकास सत्वगुण, रजोगुण या तमोगुण में किस दिशा में करना चाहता है। उन्होंने बताया कि बुद्धि के विकास का सर्वोत्तम साधन''स्वाधयाय'' है। जब व्यक्ति ''गीता'' और ''रामायण'' जैसे महान ग्रंथों को अपने जीवन में अपनाता है, तभी उसके बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की वास्तविक शुरुआत होती है। कार्यक्रम के दौरान कुछ दीदियों ने पिछले पांच दिनों के गीता श्रवण का अपना अनुभव साझा किया, जिससे वातावरण भाव-विभोर हो गया। अंत में भजन-कीर्तन के साथ सभी भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने ज्ञान यज्ञ से आध्यात्मिक लाभ पाया।



सम्भल। जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल करते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

# घबराएं नहीं आग लगने पर तत्काल दें सूचना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला अस्पताल में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। जिसमें अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के तरीके सिखाए गए। उत्तर प्रदेश फायर सर्विस, लखनऊ के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में कराई मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को आग लगने के कारणों की जानकारी देकर उसे रोकने के उपाये सिखाये। जबकि आग लगने की स्थिति में सुरक्षित तरीके से बचने के उपाये बताए गए। अस्पताल में लगे फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन उपकरण) को सही तरीके से

**○जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल कर आग से बचने का दिया प्रशिक्षण**

इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन अधिकारी सदन कुमार पटेल ने बताया कि इस तरह की ड्रिल का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना और अग्निकांड की घटनाओं को कम करना है। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी है 'फायर प्रिवेंशन', यानी आग लगने से पहले ही सावधानी बरतने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने आम लोगों से आग लगने की स्थिति में घबराने नहीं बल्कि तुरंत फायर सर्विस को सूचना देंने की अपील की। इसी के साथ डायल 101 और 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने का भी आहवान किया। इसके अलावा कंट्रोल रूम के सीयूजी नंबर 9454418531 पर भी संपर्क करने पर ज़ोर दिया। मॉक ड्रिल के जरिए अस्पताल स्टाफ को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया।

**राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में वित्त विहीन शिक्षिका को चार्ज देने पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे प्रमाणित थोपा जा रहा था मनमाना निर्णय**

# मनमाने निर्णय पर डीआईओएस पर एक लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कभी-कभी बिना सोचे समझे लिये जाने वाला कोई भी मनमाना आदेश गले की फांस बन जाता है। जो न निगले बनता है और न ही उगले बस अंदर ही अंदर ऐंसी चुभन पैदा करता है कि उसे निकालने के अलावा कोई चारा नहीं रहता। अब जिला विद्यालय निरीक्षक के मनमाने निर्णय उन्ही के गले की फांस बन गया है। उच्च न्यायालय ने निर्णय को भ्रामक बताकर अपना आदेश थोपने का प्रयास करने पर डीआईओएस पर न केवल एक लाख के जुर्माने से अधिरोपित किया है बल्कि मनमाने निर्णय पर नाराजगी जाहिर करते हुए दोबारा सही आदेश करने के आदेश दिए हैं।

दर असल राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य का स्थानांतरण होने पर वित्त विहीन शिक्षिका पूजा को प्रधानाचार्य का चार्ज दिया गया था। जिनके हस्ताक्षर प्रमाणित करने को जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजे गए, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने हस्ताक्षर प्रमाणित

**○वर्ष 2014 में भी वित्त विहीन शिक्षिक को दिया गया था प्रधानाचार्य का चार्ज**

नहीं किए और पत्रावली को अपने पास रोके रखा। जबकि वर्ष 2014 में भी इसी व्यवस्था के तहत वितत विहीन शिक्षिका को प्रधानाचार्य का चार्ज दिया गया था। लेकिन डीआईओएस ने उस व्यवस्था को नकार दिया। डीआईओएस के अड़ियल रवैये पर प्रबंधतंत्र ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। जिस पर उच्च न्यायालय ने आदेश पारित कर दिया कि वित्त विहीन को चार्ज दिया जाये। मामला फिर जिला विद्यालय निरीक्षक के पाले में पहुंचा लेकिन डीआईओएस ने 27 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय के आदेश की परवाह किए बिना अपना मनमाना निर्णय थोपते हुए वित्त पोषित शिक्षिका को ही चार्ज देने के निर्देश दिए। प्रबंधतंत्र ने डीआईओएस के निर्णय को इलाहाबाद उच्च न्यायाल में फिर चुनौती दी। प्रबंधतंत्र के अधिवक्ता अलोक शुक्ला और सौरभ त्रिपाठी ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की पीठ के समक्ष अपना तर्क रखा और पूर्व में पारित आदेशों पर पुन: विचार करने की याचना की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने डीआईओएस के मनमाने निर्णय पर नाराजगी जाहिर की और एक लाख के जुमार्न से अधिरोपित करते हुए दोबारा सही आदेश करने के आदेश दिए।

# हवन में आहूतियां देकर अजीत सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**○रालोद नेताओं ने उनके मार्ग पर चलने का लिया संकल्प**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को पुण्य तिथि पर याद किया और हवन में आहूतियां देकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह पार्क में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी अजीत सिंह की पुण्य तिथि पर जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास समेत रालोद कार्यकर्ताओं ने हवन में आहूतियां देकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान रुहेलखण्ड क्षेत्र के युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी एड. ने कहा कि चौधरी अजित सिंह देश के पहले आई आई टी खड़कपुर से शिक्षित और दुनिया की प्रतिष्ठित कंपनी के सॉफ्ट वेयर इंजीनियर थे और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य किया, लेकिन देश और किसानों की सेवा के लिए राजनीति में आए। वे कई बार लोकसभा सांसद रहे और भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। उन्होंने



सम्भल-चौ. अजीत सिंह की पुण्य तिथि पर हवन में आहूति देते कैसर अब्बास

राष्ट्रीय लोकदल को नई दिशा दी और किसानों, मजदूरों व गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया। उनका जीवन सादगी, संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक रहा। उन्होने उनकी पुण्यतिथि पर हम हमेंशा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और किसानों के हित में कार्य करते रहने का भी संकल्प दिलाया। जिलाध्यक्ष सम्भल कैसर अब्बास ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह सिद्वांतों पर अडिग रहने वाले सशक्त नेता थे। उन्होंने किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका नेतृत्व और विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। युवा जिलाध्यक्ष विमल चौधरी ने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के सच्चे मसीहा और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने हमेशा गरीब, किसान और मजदूर की आवाज उठाई। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह कुनाल कुमार, मलिक चौधरी अजीत कुमार,जरीफा गरीब खान फहीम खान मोहम्मद खलील वीर सिंह प्रजापति आदि उपस्थित रहें।

## स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे आबादी के बीच खड़े टावर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शहर के करीब आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें घनी आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भी ऐसे क्षेत्रों में विभिन्न प्राईवेट कम्पनियों के टावर खड़े हैं। जो कभी भी जान लेवा साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इनसे निकलने वाली अदृश्य किरणे भी स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं।

आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर अलग-अलग मोबाइल कम्पनियों के हैं। सम्बंधित विभाग भले ही चाहे भूमि स्वामी की रज़ामंदी और टावर आने की फीस जमा करने का हवाला देकर अपना दामन छुड़ाना चाहें, लेकिन वह इस बात को कतई नज़र अंदाज़ नही कर सकते कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। जहां तक शासनादेश की बात है तो कम्पनियां टावर लगाने के सभी मानक पूरे करने के बाद ही टावर लगाने में कामयाब हुई होगी, लेकिन इस सच्चाई को फिर भी नही झुठलाया जा सकता कि भूकम्प आदि आने से जब बड़े-बड़े पहाड़ धराशायी हो जाते हैं।

# भारत की जनगणना में स्वगणना आवश्यक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** एसडीएम गुन्नौर विकास चंद्र ने 2027 में होने वाली भारत की जनगणना को लेकर बुधावार को तहसील सभागार में बैठक आयोजित की। जिसमें उन्होंने स्वगणना पर विशेष बल दिया।

उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 में 7 मई 2026 से शुरू हो रही है। 22 मई 2026 तक स्वगणना का कार्य होगा। जिसमें अधिकतर लोगों को स्वयं ही अपने परिवार की जानकारी देना होगा। इसके अलावा जनगणना के लिए 22 मई 2026 के बाद 1100 प्रगणक एवं 184 सुपरवाइजर नियकत किए गए हैं। जो जनगणना का कार्य करेंगे। इस दौरान सीडीपीओ जुनावई



बबराला- गुन्नौर विकास खंड में जनगणना को लेकर बैठक लेते एसडीएम।

नंदलाल राजकुमारी रजपुरा, डा. राजकिशोर गुन्नौर, डा. विरास यादव जुनावई, एबीएसए जुनावई देवेंद्र कुमार, अरुण कुमार, रजपुरा एबीएसए विनोद मेहरा, सीवीवो राजेंद्र सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर गुन्नौर संजीव सिन्हा, नजाकत सहित 150 राशन डीलर उपस्थित रहे।

## महिला से चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा** (शाह टाइम्स)। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली की पुलिस ने महिला से चेन लूटने में शामिल बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक और 5500 रुपये बरामद किए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान मोनू श्रीवास्तव निवासी घटकना, थाना मौदहा, जिला हमीरपुर वर्तमान पता भंगेल, थाना फेस-2 नोएडा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मंगलवार की सुबह बदमाश को सेक्टर गामा-2 की ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया। बदमाश के कब्जे से स्नेचिंग की गई चेन के लॉकेट की बिक्री से प्राप्त 5500 रुपये, चोरी की एक बाइक बरामद की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं, जो राह चलते व्यक्तियों से स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता है।

## किसानों के सम्मान का प्रतीक हल देकर किया नवागत जिलाधिकारी का स्वागत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल को किसानों के सम्मान का प्रतीक हल भेंट कर स्वागत' किया जबकि 18 मई को दोपहर 12 बजे से ब्लॉक परिसर संभल में होने वाली किसान पंचायत में किसानो की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को तहसीलदार सम्भल, खंड विकास अधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक, एसडीओ विद्युत चंद्रभूषण, चिकित्सा अधीक्षक एवं एसडीओ जल मिशन आदि 'अधिकारियो की उपस्थिति को लेकर डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा को ज्ञापन सोपा। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधारी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, जिला प्रभारी सुभाष चाहल, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, जिला मंत्री खेमपाल यादव, जिला प्रचार मंत्री संतवीर सिंह, जिला महासचिव अनमोल कुमार आदि मौूद रहे।

# अभियान चलाकर यातायात नियमों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात जागरूकता अभियान चलाया में स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हादसों में कमी लाने के उददेश्य से बहजोई इंटर कॉलेज बहजोई में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह और मुख्य आरक्षी सचिन कुमार, मुख्य आरक्षी विशांत एवं आरक्षी संकित कुमार, बीनू मौजूद रहे। कार्यक्रम में दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने और हेलमेट अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए और ट्रिपल राइडिंग नहीं करने के साथ चार पहिया वाहन चलाते हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने को जागरूक किया। जबकि वाहन चलाते समय नशे का सेवन नहीं करेंगे और कभी भी तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने को प्रेरित किया। साथ ही छात्रों को मुख्य रूप से सड़क संकेतों के बारे में विस्तार से समझाया गया और स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में शपथ भी दिलायी गयी। इसके अलावा बताया कि आप देश का भविष्य है जीवन अनमोल है अगर आप सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटनाओं से बचे रहेंगे अगर आप जागरूक होंगे तो दूसरों को जागरूक करने में भी मदद मिलेगी।

## उपजिलाधिकारी से लगायी रास्ता खुलवाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के लोगों ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को रास्ता खुलवाने को शिकायती पत्र दिया है।

नगर गुन्नौर के मौहल्ला तार के निवासियो ने शिकायत में कहा कि गाटा सं0 562,554 पर आने जाने का रास्ता नक्शा में दर्ज है जो मौके पर विपक्षी ने बंद कर दिया है। गाटा संख्या 555 के खातेदार जो मोहल्ले का ही निवासी है। उसने रास्ता बन्द कर दिया है और अपने गाटा सं0 555 में मिलाकर जोत लिया है। उससे कहने पर गाली गलौच करता है। रास्ता पूरी तरह से बन्द कर दिया है। इससे सभी काफी परेशान हैं और वह खेत व आवादी पर आने जाने के लिये उक्त रास्ते की व गाटा सं. 555 की मौके पर पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाये जाने की मांग की। शिकायती पत्र देने में सुन्दरलाल, रतन लाल,केदारी ताराचंद रहे।

# बेमौसम बारिश से ईंट भट्टा उद्योग को झटका

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बेमौसम बारिश ने ईंट भटठा स्वामियों की कमर तोड़ दी। क्षेत्र के दर्जनों भटठों पर पकाई के लिए सूखने को रखी गई लाखों कच्ची ईंटें पानी में भीगकर गल गईं। इससे भटठा संचालकों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

ईंट पकाई का मुख्य सीजन अप्रैल से जून तक होता है। अधिाकतर भठों में कुछ दिन पहले ही आग डाली गई थी। मजदूर रोजाना हजारों ईंटों की पथाई कर उन्हें सूखने के लिए खुले में रख रहे थे। तेज बारिश में सूखने को रखी सभी कच्ची ईंटें खराब हो गईं। भठा स्वामियों ने बताया, एक-एक भठे पर 5 से 7 लाख रुपये की ईंटें बर्बाद हुई हैं। मजदूरी और कच्चे माल की लागत भी डूब गई। भठा स्वामी वीरप्रकाश ने कहा, बाजार में पहले से ही ईंटों की मांग कम थी। अब बारिश से दोहरी मार पड़ी है। भटठा स्वामी अंकित ने सरकार से राहत की मांग करते हुए कहा, ह्हम हर साल लाखों रुपये का जीएसटी और रॉयल्टी देते हैं। इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए सरकार को जीएसटी में छूट और खनन राजस्व में कमी करनी चाहिए। कारोबारियों के अनुसार, बड़े पैमाने पर कच्ची ईंटें खराब होने से आने वाले दिनों में पकी ईंट की आपूर्ति प्रभावित होगी। इससे निर्माण कार्य महंगा होने की आशंका है।

# गुन्नौर सीएचसी में फायर सेफ्टी वीक पर मॉक ड्रिल

**○अग्निशमन टीम ने स्टाफ को दिया प्रशिक्षण**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में फायर सेफ्टी वीक के तहत मॉक ड्रिल और ायर कंट्रोल ट्रेनिंग का आयोजन किया गया इसका उद्देश्य अस्पताल परिसर में आग जैसी आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षित करना था। अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने डाक्टरों नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। उन्हें आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, बचाव के उपाय और सुरक्षा प्रोटोकॉल की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकालीन हालात का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अग्निशमन टीम



बबराला- गुन्नौर सीएचसी में आग बुझाने का प्रशिक्षण देते।

के हेड कांस्टेबल खुर्शीद अली और कांस्टेबल आकाश माथुर ने स्टाफ को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि संकट की स्थिति में मरीजों को सुरक्षित कैसे बाहर निकाला जाए।आग पर शुरुआती नियंत्रण पाने के लिए उपकरणों का सही उपयोग कैसे करें और बिना घबराए आपसी समन्वय के साथ कार्य करना क्यों आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने भविष्य में सीखी गई सुरक्षा तकनीकों को अपनाने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**○एमजीएम पीजी कॉलेज की समिति ने स्थापित किया संवाद**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पंजीकरण अनुपात को बढ़ाने महाविद्यालय के शिक्षकों की समिति ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने को शैक्षिक भ्रमण किया।

महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, के शिक्षकों की समिति द्वारा एक विस्तृत जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान के अंतर्गत समिति में शामिल शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने उम्मेद राय इंटर कॉलेज, सराय तरीन, सम्भल का शैक्षिक भ्रमण किया। शिक्षण दल में डा. मोहम्मद अहमद (असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग),



सम्भल- उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने को शैक्षिक भ्रमण करते।

डा. धीरेंद्र कुमार सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व, वर्तमान समय में विभिन्न शैक्षिक अवसरों तथा करियर निर्माण की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# जंगली जानवर का हमला महिला किशोर घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र के कैल की मड़ैया गांव में जंगली जानवर के हमलों से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक किशोर घायल हो गए इन घटनाओं के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल है पहली घटना सोमवार दोपहर की है कैल की मड़ैया निवासी ज्वाला देवी गांव से कुछ दूरी पर स्थित देवी मंदिर में पूजा के लिए जा रही थीं तभी पीछे से आए एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और जानवर वहां से भाग गया। परिजनों ने उन्हें तुरंत बबराला पहुंचाया जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसी दिन गांव के किशोर बोबी पर भी जंगली जानवर ने हमला किया। बोबी अपने साथियों के साथ जंगल में शौच के लिए गया था तभी ईख

**○ग्रामीणों में दहशत वन विभाग से कार्रवाई की मॉग**

के खेत से निकले जानवर ने पीछे से हमला कर उसके हाथ-पैरों को घायल कर दिया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले गए जहां उसका उपचार किया गया। इन लगातार हो रहे हमलों के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का अनुमान है कि हमला करने वाला जानवर भेड़िया या लकड़बग्घा हो सकता है। उन्होंने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई कर जानवर को पकड़ने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना को रोका जा सके। इस बारे में वन विभाग के रेंजर ब्रज मोहन ने बताया कि सियार पागल होने पर हिंसक होकर हमला कर देता है। उन्होंने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया था।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# प्रीपेड मीटरों समाप्ती पर मिष्ठान का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर पर सरकार के बैकफुट मिष्ठान का वितरण कर खुशी मनायी गयी। बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर लंबे समय से परेशान चल रही जनता को आखिरकार राहत मिल गई है। अब तक दो गुने तीन गुने बिल आने परेशान जनता के धरना प्रर्दशनों पर सरकार को बैकफुट पर आना पड़ गया। सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रीपेड मीटर की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है।प्रीपेड मीटरों को समाप्त करने के निर्णय से खुश मानव विकास जन सेवा समिति के अध्यक्ष डा. नाजिम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान का वितरण कर खुशी मनायी। उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिल दोगुने, तिगुने और यहां तक कि चौगुने तक आने लगे थे। इससे आम जनता खासकर गरीब वर्ग काफी परेशान था और सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहा था,क्योंकि रिचार्ज खत्म होते ही कट जाती थी। उन्होंने बताया कि कई मामलों में 1000 का रिचार्ज भी कुछ दिनों में खत्म हो जाता था और तुरंत बिजली काट दी जाती थी। हालात ऐसे हो गए थे कि कई मोहल्लों में 75 प्रतिशत घरों की बिजली गुल हो जाती थी।

# खेत में काम कर रहे युवक को सांप ने डसा

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार वाजिद अली का पुत्र दानिश बुधवार सुबह अपने खेत पर रोजाना की तरह काम करने गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दानिश खेत में काम में व्यस्त था, तभी अचानक एक जहरीला सांप वहां निकल आया और उसने उसके पैर पर काट लिया। सांप के डसते ही दानिश के शरीर में तेजी से जहर फैलने लगा।

जिससे वह कुछ ही देर में बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।घटना को देख पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए दानिश को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है।डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे निगरानी में रखा गया है।

वहीं इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में खेतों और आसपास के इलाकों में सांपों का निकलना बढ़ जाता है, जिससे इस तरह की घटनाएं होने की आशंका रहती है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को सतर्क रहने और खेतों में काम करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी, भारी मात्रा में चरस के साथ एक आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुगलपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 421 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलपुरा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 421 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान तारिक जिया उर्फ चानू पुत्र जियाउल हसन, निवासी हमसफर शादी हॉल के पास, घोसियों वाली गली, थाना मुगलपुरा, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मुगलपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है, जिससे उसके नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त होने की पुष्टि होती है।इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक आशीष मलिक, उपनि. रीक्षक मजहर रिहान, कांस्टेबल राहुल अहलावत और कांस्टेबल अजय शर्मा की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### एंटी भू-माफिया पोर्टल के मामलों की एसपी ग्रामीण ने की समीक्षा, निस्तारण के दिए निर्देश



**मुरादाबाद।** बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एंटी भू-माफिया पोर्टल से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने की, जिसमें जनपद के विभिन्न थानों से आए निरीक्षक अपराध, वरिष्ठ उपनिरीक्षक तथा प्ळैट से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य एंटी भू-माफिया पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करना और उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए रणनीति तय करना रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि भू-माफिया से संबंधित शिकायतें आम जनता के हितों से जुड़ी होती हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए और शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करने का प्रयास किया जाए।

गोष्ठी में प्ळैट पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का समय से निस्तारण कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहकर भू-माफियाओं पर कड़ी नजर रखें और अवैध कब्जों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें।अंत में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ करें, ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

### जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना 7 मई से शुरू, डीएम ने अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के तहत स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। डीएम ने बताया कि गणना का प्रथम चरण 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक चलेगा।

इस दौरान नागरिक स्वयं जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। प्रशिक्षण सत्र में पीपीटी के जरिए स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें, ताकि 22 मई 2026 से शुरू होने वाली प्रगणकों द्वारा जनगणना की प्रक्रिया आसानी, शुद्धता और समय पर पूरी हो सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ममता मालवीय, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे, जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बहजोई इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को दिलाई शपथ

**चन्दौसी।** यातायात पुलिस टीम जनपद सम्भल द्वारा बहजोई इंटर कॉलेज, बहजोई में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और उनके पालन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ओवरस्पीडिंग के खतरे, गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणाम और ट्रैफिक संकेतों की जानकारी दी। साथ ही सड़क पर सुरक्षित रहने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस अवसर पर सभी छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अनुशासित व जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा। छात्रों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# घर में साफ-सफाई कर रही महिला को सांप ने डंसा, परिवार में मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला मुस्तफा नगर में बुधवार सुबह एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार, मोहल्ले के निवासी मजारुल की पत्नी मेहराज जहां सुबह अपने घर में रोजाना की तरह साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जहरीला सांप वहां निकल आया और उसने उनके हाथ पर डस लिया। सांप के डसते ही मेहराज जहां दर्द से चीख पड़ीं और कुछ ही क्षणों में बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं।महिला की चीख सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घबराए परिजनों ने बिना देर किए उन्हें पास के एक स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया। लेकिन हालत में सुधार न होने और स्थिति बिगड़ती देख चिकित्सक ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला



अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार, महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है।

डॉक्टरों का कहना है कि सांप के जहर का असर काफी तेज था, इसलिए समय रहते इलाज मिलना बेहद जरूरी था।इस घटना के बाद मोहल्ला मुस्तफा नगर और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोग अपने घरों और आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और सांपों से बचाव के उपाय अपनाने की बात कर रहे हैं।

## शिक्षित बच्चें देश का भविष्य : जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** के. एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताजपुर माफी मुरादाबाद मे आज बुधबार को हाइस्कूल परीक्षाफल मे टॉपर्स छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव किया सम्मान से पूर्व उन्होंने कहा शिक्षित छात्र छात्राएं आने बाले देश का भविष्य हैं जिस मेहनत और लग्न से आप लोगों मे उच्च अंक हासिल कर हाइस्कूल की परीक्षा अच्छे अंको से पास की है वह बंधाई और मुबारकबाद के काबिल और हमआपके उज्ज्वल भविष्य की कामनाये करते हैं और आप सभी से आशा करते हैं. की आप सभी भविष्य मे अपने साथियों से प्रेरित होकर उच्तम अंको से कामयाबी हासिल करें मुरादाबाद प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर



जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव ने उच्च अंको से हाइस्कूल पास छात्र छात्राओं को ई- स्कूटी, एवं साईकिल देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने सभी वार्षिक रिपोर्ट पेश की। प्रबंधक प्रेम सिँह यादव ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम मे मुख्यरूप से मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव, प्रबंधक प्रेमसिंह यादव, कुंवर सेन यादव, करन सिँह, नरेश सिँह, पवन यादव, डॉ. जब्बार आदि प्रमुख थे।

# सीएचसी में नई व्यवस्थाः हर चेस्ट पेन मरीज का अनिवार्य ईसीजी, मेरठ के हृदय रोग विशेषज्ञों से तुरंत परामर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिलारी में सीने में दर्द की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है।

अब ऐसे प्रत्येक मरीज का अनिवार्य रूप से ईसीजी किया जाएगा, ताकि हृदय संबंधी जोखिमों की समय रहते पहचान कर त्वरित उपचार शुरू किया जा सके। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने बताया कि अस्पताल में किए गए हर ईसीजी की रिपोर्ट तत्काल एक विशेष चिकित्सकीय समूह पर साझा की जाती है, जिसमें मेरठ के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। रिपोर्ट अपलोड होते ही विशेषज्ञ उसकी समीक्षा कर तुरंत परामर्श देते हैं, जिससे मरीज की स्थिति का शीघ्र आकलन संभव हो पाता है और उपचार में देरी नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य हृदय रोगों, विशेषकर हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थितियों की शुरुआती पहचान करना है। समय पर ईसीजी और विशेषज्ञ राय कई मामलों में जीवनरक्षक साबित हो सकती है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस व्यवस्था से अब मरीजों को बड़े शहरों के विशेषज्ञों की सलाह स्थानीय स्तर पर ही मिल रही है, जिससे अनावश्यक रेफरल में कमी आई है और उपचार की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ और प्रभावी हुई हैं, तथा मरीजों को समय पर उचित इलाज मिल रहा है।

## लाइसेंसी राइफल से व्यक्ति ने की आत्महत्या इलाके में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मलपुर जननू में बुधवार को एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुखद घटना सामने आई है। मृतक की पहचान पुष्पेंद्र सिंह (लगभग 45 वर्ष), पुत्र बिंदर सिंह यादव के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 3:00 बजे की बताई जा रही है। बताया गया कि पुष्पेंद्र सिंह ने अपने घर पर ही पिता की लाइसेंसी राइफल से स्वयं को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मैक्स हॉस्पिटल बिलारी में एचआईवी व टीबी स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मैक्स हॉस्पिटल में एचआईवी एवं टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता और समय पर पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मरीजों की जांच, परामर्श और जागरूकता का कार्य किया। शिविर के दौरान आए मरीजों की आवश्यक जांच की गई तथा उन्हें बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि एचआईवी और टीबी दोनों ही गंभीर बीमारियां हैं, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. सीमा जिलानी, एएनएम जयंती मेहता, प्रयोगशाला तकनीशियन उज्जवल चौधरी और स्वास्थ्यकर्मी जोगिंदर सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि समय रहते मरीजों का उपचार संभव हो सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे



शिविर क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों को समय पर उपचार दिलाने में सहायक साबित हो रहे हैं।

## मौलागढ़ के प्रेमनगर में कीचड़ और गंदे पानी में गुजरने को मजबूर लोग

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के प्रेमनगर मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। शहर से सटा होने के बावजूद यहां के हालात बेहद खराब हैं। गलियों में कीचड़, जलभराव और गंदगी का आलम ऐसा है कि लोगों का घर से निकलना तक दूभर हो गया है। मोहल्ले की कई गलियों में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है। जगह-जगह बने गड्ढों में भरा पानी और कीचड़ राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। बरसात के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं। लोगों को मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत का कार्यकाल पांच वर्ष पूरा होने को है, लेकिन इस दौरान ग्राम प्रधान ने एक बार भी मोहल्ले में आकर हालात का जायजा नहीं लिया। लोगों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि शहर के नजदीक होने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। मोहल्ले की गलियों में न तो पक्की सड़क है और न ही समुचित जल निकासी की व्यवस्था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मोहल्ले की सड़कों का निर्माण कराया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की भी मांग उठाई है।

# प्रेस क्लब के भंडारे में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/ लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि जेठ माह में हनुमान जी भगवान की कृपा से भंडारे का आयोजन राजधानी लखनऊ की अनूठी परंपरा है स राजधानी के आसपास के जनपदों में भी आप बजरंगबली भगवान के नाम पर श्रद्धालु जगह भंडारे का आयोजन करते हैं और लोग बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण करते हैं स उपमुख्यमंत्री श्री पाठक प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के पहले भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के बाद मीडिया से मुखातिब थे स उन्होंने कहा कि इस तरह के भंडारे आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं और हम सब मिलजुल कर जो इस तरह के आयोजन करते हैंस इनका सामाजिक जीवन में अपना अलग प्रभाव होता है स भंडारे में आए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बजरंगबली भगवान को स्मरण कर और हम जो भी कार्य करते हैं स देशहित और सामाजिक सौहार्द में व्यापक प्रभाव होता है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने कहा कि इस तरह के भंडारे हमें एकता के सूत्र में पिरोते हैं स हम सब भंडारे में एक साथ बैठते हैं स प्रसाद





ग्रहण करते हैं स इससे आपस में बिना किसी भेदभाव के एक समान होने का भी एहसास होता है। कार्यक्रम में सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि राजधानी लखनऊ की यह अनूठी परंपरा है और एक साथ राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन और श्रद्धालुओं का कतर वध होकर प्रसाद ग्रहण करना अपने आप एक सामाजिक एकता का संदेश होता हैस मुख्यमंत्री के सलाहक. ार अवनीश अवस्थी ने कहा कि वह ऐसे अवसरों पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं स उन्होंने कहा की राजधानी लखनऊ में एक लंबे अरसे से इस तरह के आयोजन को देख रहे हैं और यह यहां की गजब की संस्कृति बन गई है कि ज्येष्ठ माह में जितने भी मंगल होते हैं उसमें जगह-जगह भंडारे लगते हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करना हमारी निष्ठा और श्रद्धाभाव का जीवंत प्रमाण हैं। यूपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी और मंडल अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया। प्रेस क्लब के भंडारे में मुख्यमंत्री की सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा पूर्व आईएएस आनंद कुमार त्रिपाठी रामचन्द्र सिंह प्रधान ,विजय बहादुर पाठक, सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप , पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविंद सिंह ,अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय खत्री, इंडो अमे. रिकन चौम्बर आफ कामर्स के मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह बब्बू, पीसीएस संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह , पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शालू , सपा के प्रदेश सचिव दीपक रंजन , कांग्रेस के नेता अशोक सिंह , कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन रावत , राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे , प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता अभय सिंह , नवीन श्रीवास्तव , राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह , पूर्व आईएएस अधिकारी एसपी सिंह , दिनेश सिंह यूपी पुलिस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह मुहम्मद जान तुर्की समेत बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेता,गणमान्य लोग और पत्रकारगणों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू० डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 754/2025
**तारीख पेशी:** 16.07.2026

1. मौहम्मद असलम आयु लगभग 57 वर्ष पुत्र स्व. श्री शमशाद हुसैन, 2. श्रीमति असमा असलम आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी श्री मौहम्मद असलम निवासीगण मौहल्ला गुइय्या बाग शहर व जिला मुरादाबाद वर्तमान निवासीगण डबोलिम निकट ए.मो. गेट वास्कोडिगामा नगर (गोवा)।- **वादीगण।**

**बनाम**

1. शादिल हाफिज आयु लगभग 27 वर्ष पुत्र श्री सैय्यद जान, 3. श्री मौहम्मद जान आयु लगभग 56 वर्ष पुत्र स्व. श्री बब्बन निवासीगण मौहल्ला गुइय्या बाग शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 16 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 06 के दिवस 05 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

एच०सी० जे०पी० 6 नं0 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना
साधाराण प्रारूप
**ग्राम न्यायालय श्रीमान बिलारी महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**प्रकीर्ण वाद संख्याः** 09/25
**संबंधित मूलवाद सं0**- 241/10
**तारीख पेशीः** 18.05.2026
**यामीन बनाम सायरा**
**बनाम**

1. श्रीमती सायरा पत्नी मुस्तफा निवासी मौहल्ला कायस्थान डाकखाना खास तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 2. मुस्तफा पुत्र श्री कल्लन खां निवासी मौहल्ला कायस्थान डा0 खास तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरोक्त नामांकित 18.05. 2026 के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतः आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 18.05.2026 को सुबह 10:00 बजे पूर्वन्ह अथवा बन्धक रूपये अर्नादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04.05. 2026 को निकाली गई है।

**अलहमद**
**ग्राम न्यायालय बिलारी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलाम मोहम्मद द्वारा संस्था कयाम उद्दीन मस्जिद इंतजामिया कमेटी, मोहल्ला गुलाबबाडी वार्ड नं0 15 भोजपुर धर्मपुर तहसील व जनपद मुरादाबाद का मोहतमिम/प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों अनुसार सर्वश्री, 1. गुलाम मोहम्मद अध्यक्ष, 2. साबिर उपाध्यक्ष, 3. फरमान-प्रबंधक, 4. मो० माजिद उप प्रबंधक, 5. मो० साजिद-कोषाध्यक्ष, 6. वाहिद-सचिव, 7. मो० जावेद-उपसचिव दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-(आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक)**

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना, नौ मई को होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार प्रात: 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर, संभल स्थित चन्दौसी से विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य आमजन को त्वरित, सुलभ एवं नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। लोक अदालत में छोटे-मोटे आपसी विवाद, पारिवारिक मामले, बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल, यातायात चालान तथा श्रम विवाद जैसे प्रकरणों का आपसी सुलह के माध्यम से निस्तारण किया जाता है। प्रचार वाहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इन वाहनों में पोस्टर, बैनर, ध्वनि यंत्र एवं अन्य जागरूकता सामग्री की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) गोपाल, सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम पराग यादव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नावेद अख्तर तथा बार एसोसिएशन चन्दौसी के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।




## टीएमयू के एनिमेशन विभाग में फोटोग्राफी के एक्सपर्ट ने छात्रों को सिखाई तकनीकी बारीकियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नोएडा के फ्रीलांस फोटोग्राफी मेंटर श्री वीरेंद्र अधिकारी ने कहा, फोटोग्राफी महंगे उपकरणों पर नहीं, बल्कि फोटोग्राफर की दृष्टि और रचनात्मकता पर निर्भर करती है। एडिटिंग से एक साधारण फोटो को भी आकर्षक बनाया जा सकता है। फोटोग्राफी में प्रकाश सबसे महत्वपूर्ण होता है, जो फोटो की गुणवत्ता, फोकस और कंट्रास्ट को प्रभावित करता है। उन्होंने स्टुडेंट्स को बैकलाइट से बचने और हार्ड लाइट एंड सॉफ्ट लाइट का अंतर भी बताया। साथ ही रूल ऑफ थर्ड्स, लीडिंग लाइन्स, शेप्स, लेयरिंग जैसी कंपोजीशन तकनीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने स्टुडेंट्स को कैमरा के तकनीकी पहलुओं जैसे अपर्चर, शटर स्पीड और आईएसओ के आपसी संबंध बताते हुए विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर फोटो लेने भी सिखाए। श्री अधिकारी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी के एनिमेशन विभाग की ओर से क्रिएटिव फोटोग्राफी वर्कशॉप में बतौर रिसोर्स पर्सन एवं मुख्य वक्ता बोल रहे थे। श्री अधिकारी ने स्टुडेंट्स को फोटोग्राफी के मूल सिद्धांतों को बताते हुए कैमरा, लेंस चयन और विषय के सही संयोजन को समझाया। लैंडस्केप फोटोग्राफी में गहराई और लेयरिंग के महत्व पर विशेष जोर देते हुए पोस्ट-प्रोसेसिंग के महत्व पर भी चर्चा की। कार्यशाला में लॉन्ग एक्सपोजर, मैक्रो और मोनोक्रोम फोटोग्राफी जैसी विभिन्न शैलियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व रिसोर्स पर्सन श्री वीरेंद्र अधिकारी, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, वर्कशॉप समन्वयक एवम् एनिमेशन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्री ज्योति रंजन लाभ, डॉ. नमित गुप्ता, श्री ब्रह्मदत्त गौर, श्री प्रदीप कुमार गुप्ता, मिस शिखा गंभीर, श्री सतेन्द्र राठी, श्री जयश्री चौधरी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। अंत में स्टुडेंट्स ने क्रिएटिव फोटोग्राफी से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे।

वर्कशॉप में बीएससी-एनिमेशन, बीएससी-सीएस, बीसीए और बीटेक-एआई के कुल 150 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। संचालन बीएससी- एनिमेशन की स्टुडेंट गरिमा सहाय ने किया।



## बिलारी समाचार

### प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि को गंभीरता से लेकर प्रशासन को 'अलर्ट मोड पर रहने के मुख्यमंत्री' ने दिए निर्देश

कांठ (शाह टाइम्स) प्रदेश में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा। साथ ही सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए।सीएम ने सभी जिलों के डीएम को फील्ड में रहकर राहत कार्यों की निरंतर निगरानी करने और आवश्यक संसाधनों के लिए शासन से समन्वय बनाए रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहत कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम में खुले स्थानों व बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की है।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने दो विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कांठ (शाह टाइम्स)।** खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने आज नगर के पीएम श्री विद्यालय एवं क्षेत्र के पचोकरा खानपुर में औचक निरीक्षण किया स श्री गुप्ता ने पीएम श्री विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों के ज्ञान की परीक्षा ली और बच्चों से हिंदी गणित के सवाल करवा कर देखें उनकी कॉपी को भी चेक किया श्री गुप्ता ने विलंब से आने पर एक अनुदेशक को चेतावनी भी दी स और विभिन्न कक्षाओं में कक्षा अध्यापक की तैनाती भी की उन्होंने समय सारणी के अनुसार पढ़ाने ने के निर्देश दिए स खंड शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को नगर में स्थित पीएम श्री विद्यालय कंपोजिट का सुबह 10:30 बजे करीब पहुंचकर निरीक्षण किया उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर एवं शासन द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की बाद में उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों के ज्ञान की परीक्षा ली स स्कूल में 210 बच्चों का नामांकन है 170 बच्चे उपस्थित मिलेस उन्होंने कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक कक्षा अध्यापक को तैनात किया स उन्होंने कक्षा चार में अनुदेशक सुमन चौहान, कक्षा 2 में उदयवीर सिंह के स्थान पर स्वाती शेखावत को कक्षा अध्यापक बनाया है स कक्षा तीन में वंदना शर्मा को कक्षा अध्यापक बनायास निरीक्षण के बाद उन्होंने स्टाफ की बैठक ली जिसमें प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने के निर्देश दिए स उन्होंने देर से आने पर एक अनुदेशक को कड़ी चेतावनी दी।

### दस मई को होगी भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला

**कांठ (शाह टाइम्स)** भारत विकास परिषद रोहिलखंड पश्चिमी प्रांत की सत्र 2026-27 की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन रेड सफायर मुरादाबाद में 10 मई 2026 को होगा स यह जानकारी भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने देते हुए बताया कि कार्यशाला में वर्ष पर्यन्त होने वाले कार्यक्रमों की संभावित तिथि, प्रारूप तय किए जाएंगे कार्यशाला में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय दायित्वधारियों की उपस्थिति में शंकाओं का समाधान,परिषदीय ज्ञानवर्धन एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे परिषद् का सामाजिक महत्व रेखांकित होगा प्रांत की सभी शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, गतिविधि संयोजक एवं प्रांतीय कार्यकारिणी जिला समन्वयक कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे।

### विक्रांत चौधरी ने चुनाव जीतने के लिए दिया बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यकारिणी की मासिक बैठक कार्यालय कांठ में संगठन के नवनियुक्त प्रवासी चौधरी हुकम सिंह एवं संगठन के मंडल प्रभारी चौधरी विक्रांत सिंह के सानिध्य में की गई। बैठक में प्रभारी चौ. विक्रांत सिंह ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। तथा बूथ को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया ।उन्होंने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पूरी निष्ठा से कार्य करना है। और केंद्र में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। संगठन प्रवासी चौधरी हुकम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक मजबूती आवश्यक है। शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों से आह्वान करता हूं कि वह बूथ समिति सूचियों का सत्यापन करें। नए कार्यकर्ताओ को जोडे। बैठक मे सत्यवान सिंह राजपूत, सूरज सिंह, दयाराम सिंह, प्रमोद चौहान प्रमोद बिश्नोई, देवेंद्र सिंह, बलवंत सिंह ,ओम प्रकाश सिंह, अमरीश शर्मा, नेपाल सिंह, रिजवान अल्वी, विजय वीर सिंह जयपाल सिंह ,शीशराम सिंह, राजवीर सिंह ,जयवंत जाटव ,सर्वेश पाल, कैलाश सिंह, संतोष चौहान, सतवीर कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान एवं संचालन महामंत्री चंचल पाल ने किया।



### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से युवाओं को मिल रहा स्वरोजगार का मौका

**भगतपुर/भोजपुर।** बुधवार को विकास खण्ड सभागार में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिले में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अभियान का मकसद शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अपना उद्योग-धंधा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना और आर्थिक मदद देना है। सरकार द्वारा योजना के तहत युवाओं को 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण, प्रशिक्षण और मार्केटिंग सपोर्ट दिया जा रहा है। जिला उद्योग उपायुक्त ने बताया कि इस योजना से युवा न सिर्फ आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि दूसरों को भी रोजगार देंगे। सरकार का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़कर उद्यमी बनाना है। इच्छुक युवा ऑनलाइन पोर्टल या जिला उद्योग केंद्र में आवेदन कर सकते हैं।

## अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक युवक को 315 बोर के अवैध तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे चें. कंग अभियान के दौरान कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक किरन्त पंवार, हेड कांस्टेबल अमित कुमार और कांस्टेबल आशीष कुमार चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध स्थिति में एक युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सद्दाम पुत्र शरीफ निवासी ग्राम फरीदनगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में मुक. दमा दर्ज कर चालान करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

### छत्रपति शाहू जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

ठाकुरद्वारा। ग्राम करनपुर में छत्रपति शाहू जी महाराज का महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा प्रजातंत्रवादी, महान समाज सुधारक और दलितों के हितैषी के रूप में याद किया। इस दौरान हकीम अनवार हुसैन (जिला सचिव, कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद), रमेश सिंह पाल, हाजी जहीर आलम, दिलशाद अल्वी, इलियास अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले की सुन्नी बरेलवी उलेमा फेडरेशन ने की कड़ी निंदा

**कुन्दरकी।** सुन्नी बरेलवी उलेमा फेडरेशन की ओर से कुंदरकी में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई। बैठक में मौजूद उलेमाओं और सामाजिक लोगों ने कहा कि आतंकवाद का किसी भी धर्म से कोई संबंध नहीं होता और निर्दोष लोगों की हत्या इंसानियत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। इस दौरान लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की भी अपील की गई। बैठक में कई उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डग्गामार वाहन चालक दे रहे हैं हादसों को दावत, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में यातायात पुलिस की नाक के नीचे डग्गामारी का खेल खुलेआम चल रहा है। रोडवेज बस स्टैंड के पास अवैध वाहन बेखौफ सवारियां भर रहे हैं, जिससे न सिर्फ सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। काशीपुरदृमुरादाबाद रोड पर डग्गामार वाहनों का खासा दबदबा देखा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जहां यातायात पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, वहीं से चंद कदम की दूरी पर अवैध टैक्सी, टेम्पो और ई-रिक्शा खुलेआम सवारियां भरते नजर आते हैं। बस स्टैंड के ठीक बराबर से ये वाहन फर्राटा भरते हुए गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि से रोडवेज को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही यात्रियों की जान भी जोखिम में डाली जा रही है, क्योंकि इन वाहनों का कोई निर्धारित परमिट या सुरक्षा मानक नहीं होता। लोगों का यह भी कहना है कि यातायात विभाग सब कुछ जानकर भी अनदेखी कर रहा है। कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। मिलीभगत के आरा. ेप भी लगाए जा रहे हैं, जिसके चलते इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। गौरतलब है कि बिना परमिट सवारी भरना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है,

लेकिन इसके बावजूद नगर में दिनदहाड़े नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक अंकुश लगा पाता है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा छह सूत्रीय मांग पत्र

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के किसानों ने किसानों और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। संगठन द्वारा रखी गई प्रमुख मांगें इस प्रकार हैंख्र सिंचाई व्यवस्था में सुधार: नहरों में नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा खराब पड़े ट्यूबवेलों को जल्द ठीक कराया जाए। बिजली आपूर्ति सुचारु हो: सिंचाई के समय किसानों को बिना कटौती के पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। खाद-बीज की उपलब्धता: सहकारी समितियों पर खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कालाबा. जारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। फसलों का उचित मूल्य (एमएसपी): किसानों की फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाए और भुगतान समय पर किया जाए। आवारा पशुओं से राहत: फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। सड़क दुर्घटनाओं पर रोक: सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रो. कने के लिए उन्हें पकड़ने एवं शेल्टर की व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन सौंपते समय किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान संगठन के अब्दुल हकीम, अरमान सैफी, जावेद आलम, मोहम्मद असलम, अखलाक, शफी मोहम्मद, नौशाद, सूरज सिंह, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव, दिलशाद, सफी अहमद आदि मौजूद रहे।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र विशेष कुमार सिंह व पुत्रवधू श्रीमती सुन्दरी व पोती सृष्टि भारती को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्याम सिंह पुत्र भंती निवासी मकान नं० एम.एम. आई.जी सी-13 हरथला स्टेशन रोड हिमगिरी कॉलोनी थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र वन्टी कश्यप व पुत्रवधू श्रीमती अंजली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती प्रवेश कश्यप पत्नी श्री कल्लू कश्यप निवासी मौहल्ला गुलाबबाड़ी थाना कटघर, मुरादाबाद, मो.** 9837675461

## कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी (मुरादाबाद)।

**पत्रांक:**-45/न0पं0मह0मा0/2026-27 **दिनांक:**-06.05.2026

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची**
**(नियम 4 देखें)**

**स्थानीय निकाय का नाम- नगर पंचायत महमूदपुर माफी, जनपद-मुरादाबाद।**

उ०प्र० पार्क, खेल के मैदान, और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ०प्र० पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पंचायत महमूदपुर माफी जनपद-मुरादाबाद द्वारा निम्नवत् सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी जनपद-मुरादाबाद को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

**अनंतिम सूची (प्रपत्र-1)**

| क्रम स० | नाम/ गाटा संख्या | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल०xचौ० | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क | बरखेड़ा वार्ड संख्या-01 | पार्क | 302 वर्ग मीटर | बरखेड़ा वार्ड संख्या-01 |
| 2 | डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क | नगलिया मशकूला वार्ड संख्या-02 | पार्क | 1457 वर्ग मीटर | नगलिया मशकूला वार्ड संख्या-02 |
| 3 | डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क | अलीनगर वार्ड संख्या-13 | पार्क | 2138 वर्ग मीटर | अलीनगर वार्ड संख्या-13 |
| 4 | चौधरी चरण सिंह पार्क | अलीनगर वार्ड संख्या-12 | पार्क | 354 वर्ग मीटर | अलीनगर वार्ड संख्या-12 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय नगर पंचायत ढकिया (मुरादाबाद)।

**पत्रांक:**-40/न0पं0ढकिया/2026-27 **दिनांक:**-06.05.2026

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची**
**(नियम 4 देखें)**

**स्थानीय निकाय का नाम- नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद।**

उ०प्र० पार्क, खेल के मैदान, और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ०प्र० पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद द्वारा निम्नवत् सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

**अनंतिम सूची (प्रपत्र-1)**

| क्रम स० | नाम/ गाटा संख्या | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल०xचौ० | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | खेल का मैदान /गाटा संख्या-101 | टेड़ा कुआं/ वार्ड संख्या-03 | खेल का मैदान | 1660 वर्ग मीटर | टेड़ा कुआ |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**(मुरादाबाद)।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया**
**(मुरादाबाद)।**

## कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां जनपद-मुरादाबाद।

**पत्रांक:**-89/न0पं0उ0क0/2026-27 **दिनांक:**-06.05.2026

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची**
**(नियम 4 देखें)**

**स्थानीय निकाय का नाम- नगर पंचायत उमरी कलां, जनपद-मुरादाबाद।**

उ०प्र० पार्क, खेल के मैदान, और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ०प्र० पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पंचायत उमरी कलां जनपद-मुरादाबाद द्वारा निम्नवत् सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां जनपद-मुरादाबाद को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

**अनंतिम सूची (प्रपत्र-1)**

| क्रम स० | नाम/ गाटा संख्या | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल०xचौ० | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्क | मौ0-पछैयान, वार्ड नं0-09 | पार्क | 650 वर्ग मीटर | पानी की टंकी परिसर के पास |
| 2 | खेल का मैदान | मौ0-अन्सारियान द्वितीय, वार्ड नं.12 | खेल का मैदान | 8900 वर्ग मीटर | पीडब्लूडी पाठंगी डावर मार्ग |

**(अरविन्द कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**(मुरादाबाद)।**

**(मोहम्मद उसमान अली)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**(मुरादाबाद)।**

### पुलिस ने अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा

**डिलारी।** क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज जैसे ही डिलारी थाना पुलिस को सूचना मिली कि रामगंगा नदी किनारे कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है, पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। बिना देरी किए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर संचालक को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली भी कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दी। पकड़े गए चालक की पहचान शाकिर के रूप में हुई है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का खेल चल रहा था और इस संबंध में विभिन्न समाचार माध्यमों में लगातार खबरें प्रकाशित हो रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए यह कार्रवाई की। स्थानीय लोगों के अनुसार, खनन माफियाओं के ट्रैक्टर-ट्रॉली दिनभर सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं, जिससे आम जनता को खतरा बना रहता है। बिना नंबर प्लेट और नियमों की अनदेखी करते हुए चल रहे ये वाहन कई बार हादसों का कारण भी बन सकते हैं। लोगों का यह भी कहना है कि इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध कार्य के पीछे किसी न किसी की मिलीभगत होने की आशंका है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हैदराबाद ने छुडाए पंजाब की गेंदबाजी के छक्के

### हैदराबाद ने तीन विकेट खोकर बनाए 235 रन पावरप्ले में डगमगाई पंजाब की टीम

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 236 रन का टारगेट दिया है। पंजाब ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 235 रन बनाए। पंजाब ने 5 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए हैं।

कूपर कोनोली और मार्कस स्टोयनिस क्रीज पर हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर 5, प्रियांश आर्या एक और प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। । हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासन और ईशान किशन ने



हैदराबाद के एनवी रेड्डी अपनी आकर्षक पारी के दौरान शॉट खेलते हुए।

अर्धशतक लगाए। क्लासन ने 43 बाल पर 69 और ईशान ने 32 बाल पर 55 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। क्लासन और नीतीश रेड्डी (29) के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा अभिषेक शर्मा (35) और ट्रैविस हेड (38) ने 55 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब के लिए लाकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाख, युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। मलिंगा की हार्ड लेंथ गेंद पर अय्यर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बैट का फेस घूम गया। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और मिड-आफ पर सीधी चली गई। वहां कप्तान ने आसान कैच लपका, जिससे च्ठझ्ै की मुश्किलें और बढ़ गईं। दूसरे ओवर की पहली बाल पर पंजाब ने दूसरे ओपनर का विकेट गंवाया। यहां प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद फुल लेंथ पर डाली, जोकि बाहर की ओर जा रही थी। प्रभसिमरन सिंह शाट खेलने गए, लेकिन लीडिंग एज लग गया। गेंद हवा में बैकवर्ड पाइंट की ओर गई, जहां कमिंस ने कवर से बाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पूरा किया। पैट कमिंस ने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्या को आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। शार्ट गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में प्रियांश गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और डीप स्क्वायर लेग पर ईशान मलिंगा ने शानदार कैच लपका। विजयकुमार ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर क्लासन को आउट किया। बड़ा शाट लगाने की कोशिश में क्लासन गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और लान्ग-आफ पर यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 43 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि

# मुल्लांपुर दूसरे साल आईपीएल प्लेऑफ की मेजबानी करेगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक बार फिर जोरदार क्रिकेट एक्शन का गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है।

यह लगातार दूसरा साल है जब न्यू चंडीगढ़ में स्थित इस आधुनिक सुविधा को इन अहम मैचों की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, यह स्टेडियम बेहद अहम एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 मैचों के लिए स्थल के रूप में काम करेगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने आने वाले आयोजनों को लेकर अपना भरोसा जताते हुए कहा कि एसोसिएशन इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले साल इस स्टेडियम में प्लेऑफ मैचों के सफल आयोजन ने बीसीसीआई के एक बार फिर पीसीए पर भरोसा करने के फैसले में अहम भूमिका निभाई। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि ए मैच प्रशंसकों और खिलाड़ियों, दोनों के लिए यादगार बनें। एलिमिनेटर मैच में पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने-सामने होंगी, जबकि क्वालिफायर-2 में क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम का मुकाबला एलिमिनेटर के विजेता से होगा। जहां एक ओर न्यू चंडीगढ़ को ए अहम मैच मिले हैं।

## खेल विशेष

### हार्दिक आरसीबी के साथ होने वाले मैच के लिए रायपुर नहीं जाएंगे

**मुम्बई, वार्ता।** हार्दिक पांड्या रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच के लिए मुंबई इंडियंस टीम के साथ रायपुर नहीं जा रहे हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को अपरान्ह जब मुम्बई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (घरेलू) पर इकठा हुए थे, लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या वहां नहीं थे। यह बात का तुरंत कोई संकेत नहीं है कि पांड्या मैच के करीब टीम के साथ जुड़ेंगे। पांड्या वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पिछले मैच में नहीं खेले थे, जहां सूर्यकुमार यादव ने उनकी जगह ली थी। उनकी गैरमौजूदगी का ऑफिशियल कारण पीठ में ऐंठन थी। उस गेम के टॉस के समय सूर्यकुमार ने बताया था, आज रात उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए मैं बस उनकी जगह ले रहा हूं। लेकिन बाकी सब ठीक है।

### जोकोविच रोम में वापसी करेंगे

**रोम, वार्ता।** बनोवाक जोको. विच इटेलियन ओपन में फिर से एक्शन में आने के लिए तैयार हैं। रिकॉर्ड 40 बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, जो चोट के कारण छह सप्ताह से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की तैयारी कर रहे हैं, रोम में मौजूद हैं। जोकोविच, जिनका पिछला मैच 12 मार्च को इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर के खिलाफ था, ने सोमवार को फोरो इटालिको में पेरू के इग्नासियो बुसे के साथ प्रैक्टिस की। अपनी शारीरिक समस्याओं से पहले, जोकोविच ने 2026 सीजन की शानदार शुरुआत की थी। 38 वीर्य खिलाड़ी जनवरी में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2024 के बाद अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे थे, जबकि इंडियन वेल्स में उनका सफर चौथे दौर के निर्णायक-सेट टाई-ब्रेक में ड्रेपर ने खत्म किया था।

### सैमसन सीएसके की बल्लेबाजी की रीढ़ हैं: गायकवाड़

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऋतुराज गायकवाड़ ने संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी की रीढ़ बताया। मंगलवार को दिल्ली में सैमसन की नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। आईपीएल 2026 में अपनी नई फेंचाइजी के लिए यह सैमसन का तीसरा 80 से ज्यादा रन का स्कोर था। खास बात यह रही कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने मैच जीता है। यह फॉर्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरण से जारी है। उस विश्व कप के दौरान सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। )तुराज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बल्लेबाजी के बारे में बात करूं तो मैं यही कहूंगा कि विश्व कप और अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है।

# संजू सैमसन ऑरेंज कैप तालिका के शीर्ष पांच में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने धीमी और टर्न ले रही दिल्ली की पिच पर 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर ऑरेंज कैप तालिक के शीर्ष पांच में जगह बना ली। सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह कारनामा किया।

उन्होंने गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन को पांचवें स्थान से हटाया। इसके साथ ही वह केएल राहुल, अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी के साथ आईपीएल 2026 में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। सैमसन के इस सीजन 10 पारियों में 402 रन हो गए हैं। उनका औसत 57-42 और



स्ट्राइक रेट 167-50 का है। बुधवार रात सनराइजर्स हैदाबाद का मुकाबला पंजाब किग्स से होना है। ऐसे में अभिोक शर्मा और क्लासन दोनों के पास टॉप स्थान तक पहुंचने का मौका रहेगा। वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की तो मंगलवार के मुकाबले के बाद पर्पल कैप टेबल के टॉप पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ। भुवनेश्वर कुमार अब भी 17 विकेट के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

# बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसी आई ने इसी के साथ को प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। साथ ही प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफायर वन खेलेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां न्यू चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच



**विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी, बीसीसीआई ने प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान किया**

होगा। जिसमें तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा। इसमें क्वालिफायर वन में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम से मुकाबला करेंगी। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि कुछ ऑपरेशनल और लॉजिस्टक कारणों की वजह से इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को दी गई थी। हालांकि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ आवश्यकताएं बीसीसीआई के तय दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। इसी वजह से फाइनल को बेंगलुरु से हटाकर अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया। इसी बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ और फाइनल की मेजबानी के लिए नजरअंदाज किए जाने पर अपनी निराशा जाहिर की है।

# टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी आरसीबी

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से भिड़ेगी।

इस मुकाबले में आरसीबी की कोशिश टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने और एलएसजी की घरेलू मैदान पर चल रही खराब किस्मत को और गहरा करने की होगी। यह मुकाबला इस सीजन में दो ऐसी टीमों के बीच हो रहा है जो बिल्कुल अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ रही हैं।

आरसीबी इस टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आई है, जिसने अपने नौ में से छह मैच जीते हैं। वहीं,



एलएसजी का अभियान लगातार पटरी से उतरता गया है, जिसने नौ मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। लखनऊ फेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात यह रही है कि वह घरेलू मैदान के फायदे का लाभ उठाने में नाकाम रही है। एलएसजी इस सीजन में इकाना स्टेडियम में अपने चारों मैच हार चुकी है। जिस मैदान को टीम का किला माना जा रहा था, वह अब चिंता का एक बड़ा सबब बन गया है। प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में टीम अब ज्यादातर अपनी प्रतिठा और लय बनाए रखने के लिए खेल रही है। दूसरी ओर, आरसीबी ने खेल के हर विभाग में निरंतरता दिखाई है। हालांकि, पिछले मैच में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन रजत पाटीदार की अगुवाई वाली इस टीम ने इस सीजन में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बने रहने के लिए पर्याप्त गहराई और संयम का प्रदर्शन किया है। विराट कोहली आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम के मुख्य स्तंभ बने हुए हैं। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस सीजन में 54 से ज्यादा के शानदार औसत से 350 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए स्थिरता और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाया है।

# अभिषेक शर्मा टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में शीर्ा स्थान पर बरकरार रहे। अभिषेक 875 अंकों के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं, उनके बाद किशन 871 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ा 10 में उनके साथ तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जो छठे स्थान (742) पर हैं, और भारत के टी 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान (722) पर हैं।

बांग्लादेश के कई 'व्हाइट-बॉल' (सीमित ओवरों के क्रिकेट) सितारों ने इस ताजा अपडेट में बड़ी बढ़त हासिल की है। बंगलादेश ने हाल ही में अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज पूरी की, जिसमें एक मैच बारिश की वजह से धुल गया, जिसका मतलब है



कि सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। लेकिन इसने खिलाड़ियों के एक समूह को अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल करने और रैंकिंग में ऊपर चढ़ने से नहीं रोका, जिसमें बंगलादेश के बल्लेबाज और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' तौहीद हृदोय सबसे ज्यादा सुधार करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो पारियों में 84 रन बनाकर टी20 बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग लगाते हुए 37वां स्थान हासिल किया। बंगलादेश के कप्तान लिटन दास (एक स्थान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर) भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा, टी20 रैंकिंग में वर्चस्व

**दुबई, वार्ता।** एक मई को आईसीसी टीम रैंकिंग के सालाना अपडेट के पहले चरण में, ऑस्ट्रेलिया ने पुरुषों की टेस्ट और महिलाओं की वनडे टीम रैंकिंग, दोनों में शीर्ष पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। और अब, ताजा अपडेट में उन्होंने महिलाओं की टी20 टीम रैंकिंग में भी बढ़त बना ली है।

उनके दबदबे को पुरुों के टी20 विश्व कप चैंपियन भारत ने तोड़ा है, जो टी20 टीम रैंकिंग में अपना वर्चस्व बनाए हुए है, उनके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का नम्बर आता है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 से खेले गए सभी मैचों को पूरा महत्व (100 प्रतिशत दिया जाता है, जबकि पिछले दो वर्ों के परिणामों को 50 प्रतिशत महत्व दिया जाता है। सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ा दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा, ऑस्ट्रेलिया नम्बर 1 पर अपना राज जारी रखे हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुंचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नम्बर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फायदा हुआ है और वह 119 अंकों पर पहुंच गया है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुंच गया है और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 30 अप्रैल, 2023 से पहले के परिणामों का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, इन परिणामों में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली जीत, साथ ही पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल है। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फायदा हुआ है, वह श्रीलंका (86) से आगे निकल गया है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली 3-0 की हार का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, और साथ ही 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ मिली 2-0 की हार का महत्व भी आधा कर दिया गया है। वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शीर्ा 10 टीमों की सूची पूरी करते हैं, जबकि आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि के दौरान जरूरी आठ मैच नहीं खेले हैं।

# हमारा वर्ल्ड कप होस्ट 'फीफा है ट्रम्प या अमेरिका नहीं': ईरान

**तेहरान, वार्ता।** ईरान के फुटबॉल प्रमुख का कहना है कि उनके वर्ल्ड कप का होस्ट फीफा है, न कि मिस्टर ट्रम्प या अमेरिका और उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रति सम्मान की मांग की है, अगर राट्रीय टीम को इस गर्मी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करनी है।

अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के कारण वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ईरानी एफए के प्रमुख मेहदी ताज उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे, जो पिछले सप्ताह वैंकूवर में फीफा कांग्रेस से पहले कनाडाई सीमा से वापस लौट आया था, क्योंकि उन्हें लगा कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। ताज ने कहा कि घर लौटने



का फैसला उनका अपना था, लेकिन कनाडा के आव्रजन मंत्री ने संसद में पुटि की कि ईरानी एफए अध्यक्ष का वीजा उस समय रद्द कर दिया गया था जब वे हवाई जहाज में थे, क्योंकि आईआरजीसी के साथ उनके संबंध थे। आईआरजीसी की स्थापना ईरान की इस्लामी व्यवस्था की रक्षा के लिए की गई थी और यह देश में एक प्रमुख सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति बन गया है। हालांकि, कनाडा और अमेरिका में इस समूह को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। फीफा के महासचिव मैटियस ग्राफस्ट्रॉम ने असुविधा और निराशा के लिए खेद व्यक्त करते हुए एक पत्र लिखा और ईरान को 20 मई को जडूरिख में उनके वर्ल्ड कप की तैयारियों के बारे में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। ताज, जो आईआरजीसी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी रह चुके हैं, ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग को बताया कि वे वर्ल्ड कप में ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाले व्यवहार के बारे में शासी निकाय से आश्वासन मांगेंगे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन का किया निरीक्षण

● साफ-सफाई बरतने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन परिसर का निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूरे परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यालय में कंप्यूटर, इंटरनेट एवं विद्युत आदि के लिए प्रयुक्त तार लटकते हुए नहीं होने चाहिए इसलिए इन तारों को सुरक्षित कराया जाए। जिन कार्यालय में फर्नीचर खराब स्थिति में है उसे निष्प्रयोज्य घोषित कराते हुए नया फर्नीचर खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि फर्नीचर की खरीद के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कार्यालय में फर्नीचर की




एकरूपता बनी रहे। क्षतिग्रस्त दरवाजे एवं दीवारों की मरम्मत करने के संबंध में भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में आमजन की सुविधा और बेहतर माहौल के दृष्टिगत सभी जरूरी कार्य कराए जाएं, इसके लिए परिषद से बजट की उपलब्धता हेतु मांग पत्र भेजा जाए। विकास भवन में जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी, मनरेगा कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई एवं कार्यालय कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

# नवागत जिलाधिकारी के आगमन से कलेक्ट्रेट में दिखा बदलाव मुख्य द्वार पर लगा मेटल डिटेक्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा कार्यभार संभालने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में बदलाव स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। प्रशास.



निक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने कई अहम निर्णय लिए हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर गेट स्थापित किया गया है।यह कदम सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में फरियादी, अधिवक्ता और आम नागरिक अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता बन गया है। मेटल डिटेक्टर के जरिए अब परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जाएगी, जिससे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि पर नजर रखी जा सके।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह व्यवस्था सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है और भविष्य में भी आवश्यकतानुसार अन्य सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिलाधिकारी के इस निर्णय का कर्मचारियों और आमजन ने स्वागत किया है।नई व्यवस्था से कलेक्ट्रेट का वातावरण अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता भी बढ़ेगी।

## बिलारी समाचार

### धर्म सिंह इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**कांठ( शाह टाइम्स )** धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें आए मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त ने जिले में चौथा स्थान पाने वाली हाई स्कूल की छात्रा वर्णिका लांबा को प्रशस्ति पत्र एवं 5100 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अफशा रानी और वंशिका को 21-21सौ रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ इन छात्राओ को गणित पढ़ाने वाले अध्यापक ध्रुव कुमार को भी ₹2500 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि बच्चे जब अच्छी पढ़ाई करके अच्छा परीक्षा परिणाम लाते हैं तो स्कूल के साथ-साथ उनके माता-पिता जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन होता है उन्होंने बच्चों से इसी तरह से निरंतर आगे बढ़ते रहने का आवाहन किया। विशिष्ट मेहमान जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे जिला उपाध्यक्ष चकित चौधरी भाजपा के ही अनुचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव सत्यवान राजपूत प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी और प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह ने बच्चों का हौसला अफजाई की और उनके माता-पिता को उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर अच्छा परिणाम दिलाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अध्यापक फूल सिंह देवेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार ध्रुव कुमार सत्येंद्र कुमार फिरोज योगेंद्र सिंह पंकज सिंह जितेंद्र सिंह आदि ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजकों ने क्षेत्र में निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को भी सम्मानित किया और उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मास्टर गौरव कुमार चौहान ने किया।

### सड़क से पानी निकलने पर गड्ढा बरकरार एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे जिम्मेदार

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर गुरुद्वारे के सामने पाइप लाइन से पानी निकालने के कारण सड़क में गड्ढा बरकरार है और जिम्मेदार इसकी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डालकर इसको ठीक कराने से बचते नजर आ रहे हैं आज फिर पत्रकारों द्वारा इस मामले को एसडीएम के संज्ञान में



लाने के बाद उन्होंने संबंधित को फोन करके गड्ढे को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। बतादे की पीने के पानी की सप्लाई की जाने वाली पाइपलाइन में गुरुद्वारा के सामने मुख्य मार्ग पर लीकेज हो गया जिसकी वजह से सुबह शाम उसमें से पानी का भारी रिसाब होते हुए महीनो बीत चुके हैं लोग इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं नगर पंचायत इसका जिम्मा जल निगम पर डाल रही है और जल निगम इसको पीडब्ल्यूडी की सड़क बताकर अलग ही बात कर रहा है कुल मिलाकर यह गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत तो बना हुआ है ही लेकिन इसमें से निकल रहा पानी भी लोगों की परेशानी का सबब बन रहा है। रिसाब के कारण नई बनाई गई सड़क भी बैठ चुकी है और यहां पर किसी भी तरह के हादसा होने की आशंका बढ़ गई है। आज कुछ पत्रकारों ने यह मामला एसडीएम के संज्ञान में डाला तो उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता से वार्ता की उन्होंने इसकी जिम्मेदारी किसी दूसरे विभाग पर डाल दी उक्त विभाग के अधिकारी से बात करने पर पता लगा कि इसका एस्टीमेट पासकर उन्होंने नगर पंचायत को भेज दिया है और इसे ठीक कराने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है एसडीएम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को उक्त गड्ढा तुरंत ठीक कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।

### यूरिया की किल्लत बनी किसानों की मुसीबत पॉश मशीन पर जिम्मेदारी डाल रहे अधिकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** यूरिया की किल्लत किसानो की मुसीबत बनती जा रही है सहकारी समितियां और खाद की दुकानों पर किसानों की भीड़ है समिति के अधिकारी पॉश मशीन के न चलने का भी रोना रो रहे हैं। बतादें कि इस समय किसान को गन्ने में यूरिया लगाने की जरूरत है किसान यूरिया लेने के लिए दुकान पर जाते हैं तो वहां पर खाद न होने की बात कह कर उन्हें लौटा दिया जा रहा है। किसान अपने गांव से जुड़ी सहकारी समिति पर जाते हैं तो 2 दिन से उन्हें पॉश मशीन ना चलने की बात कह कर वापस किया जा रहा है हमारे संवाददाता ने आज मोड़ी हजरतपुर समिति का भ्रमण किया तो वहां पर कई किसान खाद लेने की लाइन में लगे नजर आए समिति पर सचिव तो नहीं मिले लेकिन वहां पर एक कर्मचारी जरूर पॉश मशीन को चलाता नजर आया कर्मचारी का कहना था कि समिति पर यूरिया की कोई कमी नहीं है लेकिन मशीन ना चलने के अभाव में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। उसका कहना था कि उन्होंने नोटिस बोर्ड पर साफ लिख दिया है कि बिना आधार कार्ड या फार्मर आईडी लिए बिना किसानों को समिति से किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलेगी लेकिन एक लाइन और नोटिस बोर्ड पर लिखी मिली के स्टाफ वसूली के लिए क्षेत्र में गए हुए हैं। हालांकि आज 6 मई को भी नोटिस बोर्ड पर 24 अप्रैल की तारीख अंकित थी जिसे देखकर लगा कि यह वाक्य उन्होंने परमानेंट लिख दिया है और यदि कोई अधिकारी समिति पर किसी के न मिलने



की बात कहता है तो नोटिस बोर्ड पर लिखे शब्द ही उन्हें बताने के लिए काफी है। कुल मिलाकर अनिमियताओं के चलते किसानों के सामने यूरिया की किल्लत आ गई है और इसे लेकर किसान काफी परेशान है।

# परिवार परामर्श केंद्र में 25 प्रकरणों की सुनवाई, 4 दंपतियों में हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में



आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवा. रिक विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक के दौरान कुल 25 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विशेष रूप से 04 परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कर समझौता कराया गया, जिससे परिवारों में आपसी रिश्तों को नई शुरुआत मिल सकी। वहीं 2 पत्रावलियां आवेदक द्वारा रुचि न लेने अथवा अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य टूटते परिवारों को जोड़ना और छोटे-छोटे विवादों को कानूनी प्रक्रिया में जाने से पहले ही सुलझाना है। काउंसलरों की मदद से दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति बनवाने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यूनियन बजट 2026 पर राज्य स्तर पर चमकी बिलारी की अदिति जैन

## 'विकसित भारत 2047' में युवाओं की भूमिका पर दिया प्रभावशाली भाषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** यूनियन बजट 2026 के संदर्भ में "विकसित भारत 2047 की दिशा में भारतीय युवाओं की भूमिका" विषय पर बिलारी की छात्रा अदिति जैन ने राज्य स्तर पर प्रभावशाली हिंदी भाषण प्रस्तुत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को देश के भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए उनके सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। अदिति जैन का चयन पहले जिला स्तर पर हुआ, जिसके बाद उन्होंने राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों से पांच-पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया था, जिसमें कुल 375 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 'माय भारत' संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा में किया गया, जहां मुरादाबाद जनपद का प्रति. निधित्व पांच विद्यार्थियों ने किया,




जिनमें अदिति जैन भी शामिल रहीं। अपने भाषण में अदिति ने यूनियन बजट 2026 को युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा शक्ति को सही दिशा, पर्याप्त अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कौशल विकास, रोजगार सृजन, नवाचार को बढ़ावा, डिजिटल क्षेत्र के विस्तार, महिला सशक्तिकरण तथा हरित और सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। अदिति जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ दिव्य रुद्र कोचिंग संस्थान के शिक्षकों पुलकित और हिमांशी को दिया तथा उनका आभार व्यक्त किया।

उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने अदिति की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सपा कार्यकर्ता तालिब मलिक ने थामा भाजपा का दामन

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास निवासी सपा कार्यकर्ता तालिब मलिक ने बुधवार को बिचौटा चौराहे पर आयोजित भाजपा की बैठक के दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर भाजपा सम्भल के जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन और बिलारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। तालिब मलिक ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है और यही बात उन्हें यहां आने के लिए प्रेरित करती है। भाजपा नेताओं ने तालिब मलिक का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, मंडल महामंत्री लकी मिश्रा, बंटी गोस्वामी, प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुमथल बना चोरों का ठिकाना, रामपुर पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्य दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र का गांव गुमथल इन दिनों चोरों के सुरक्षित ठिकाने के रूप में चर्चा में है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां सक्रिय संगठित गिरोह बाहरी जनपदों में बड़ी चोरियों को अंजाम देकर वापस गुमथल में शरण लेता है। आरोप है कि गिरोह का सरगना अपने नेटवर्क के दम पर आरोपियों को बचाने का प्रयास करता है, जिसके चलते कई अपराधी पकड़े जाने के बाद भी दोबारा सक्रिय हो जाते हैं।

बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व बाहरी जनपद की एसओजी टीम ने गुमथल में देर रात दबिश देकर कुछ संदिग्धों को उठाया था और चोरी का सामान भी बरामद किया था। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इधर रामपुर जनपद की थाना शाहबाद पुलिस ने तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए

● गुमथल के चार चोरों ने रामपुर जनपद में की भारी चोरी

अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये घटनाएं ग्राम हिम्मतपुर, बमनपुरी और धरुरियाई में दर्ज की गई थीं।

पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में गठित टीम ने 6 मई 2026 को चन्दौसी रोड स्थित किला गेट के पास से चारों आरो. पियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र, मनीष, राजेश कुमार और अनिल कुमार सभी गुमथल, थाना बनियाठेर जिला सम्भल के निवासी हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय, सरकारी संस्थानों और पानी की टंकियों से बैटरी, इन्वर्टर व सोलर पैनल की रेकी कर रात में चोरी करता था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, चाकू सहित 30 बैटरियां, 10 इन्वर्टर, सोलर पैनल, सीसीटीवी उपकरण, जेवरात, ई-रिक्शा और मोटर साइकिलें बरामद की हैं। चारों आरोपियों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की तलाश में जुटी है।

# भाजपा बैठक में एकजुटता पर जोर

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को बिचौटा चौराहा स्थित पंचायत घर में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा सम्भल के जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन उपस्थित रहे। अंकित जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ संगठन के लिए कार्य करें। उन्होंने पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। वहीं बिलारी विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत की आधारशिला बूथ स्तर की मजबूती होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर सक्रिय भूमिका निभाए। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, मंडल महामंत्री लकी मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, बंटी गोस्वामी, विजेन्द्र सिंह राघव, कोमिल यादव, होते लाल शर्मा, ठाकुर बिट्टू सिंह, रवि ठाकुर, मुनेन्द्र यादव, केपी पाल, हरपाल सिंह, उरमान सिंह, मुनेश यादव, रामाशंकर मौर्य, रंजीत मौर्य, अंकित शर्मा, रवि कुमार, जितेन्द्र सिंह और रामपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी, अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने एक गंभीर मामले में दोषी लईक अंसारी को कड़ी सजा सुनाई है। न्यायालय ने लैंगिक अपराधों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास के साथ आर्थिक दंड से दंडित किया। मामले के अनुसार अभियुक्त लईक अंसारी पुत्र हनीफ अंसारी, निवासी मोहल्ला कोर्ट गर्बी, थाना कोतवाली संभल के खिलाफ अपराध संख्या 351/2022 के अंतर्गत धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 376एबी, 342 भादसं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने थाना संभल में दी गई तहरीर में बताया कि 11 सितंबर 2022 को उसकी नाबालिग बहन सुबह लगभग 10 बजे छत पर खेलने गई थी। कुछ देर बाद शोर सुनकर वह छत पर पहुंचा, जहां बहन नहीं मिली। पड़ोसी के घर में झांकने पर उसने देखा कि आरोपी लईक अंसारी उसकी बहन के साथ आपत्ति. जनक स्थिति में था और उसका मुंह बंद कर दुष्कर्म कर रहा था। पीडिता ने बाद में बताया कि आरा.



पी उसे पौधा देने के बहाने अपने घर ले गया था, जहां उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। वादी अपनी बहन को वहां से घर लेकर आया और पुलिस को सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने भादसं की धारा 342 के तहत 6 माह के कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह के कार्यकाल में महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित मामलों में न्याय की प्रक्रिया में तेजी आई है। मई 2025 में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने 35 से अधिक मामलों में दोषियों को सजा सुनाई है। त्वरित सुनवाई और सख्त फैसलों से पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय मिल रहा है, वहीं अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है।

# सफाईकर्मी के घर ढांढस बंधाने पहुचे पालिकाध्यक्ष, नौकरी का दिया आश्वासन, ड्यूटी पर हादसे में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद के सफाई नायक प्रदीप कुमार (56 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। बताया गया कि बीते शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे प्रदीप कुमार ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की तैनाती का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है और परि. जनों के घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष



रघुराज सिंह यादव एवं अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह मृतक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और भविष्य में भी हर प्रकार से साथ रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वर्गीय प्रदीप कुमार के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता स्थायी (परमानेंट) नौकरी दिलाने की रहेगी, लेकिन यदि शासनादेशों के चलते कोई बाधा आती है तो संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर भी परिवार के सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

मौके पर मृतक के बड़े बेटे, छोटे बेटे अमरदीप, शिवम, रजत सहित अरुण, शिब्बू जमादार, अखिलेश जमादार, धर्मपाल जमादार, रिंकू जमादार, बब्बन जमादार, गौरव, हरिओम, सुरेश, संजीव, विकास, रवि, राजकुमार, आनंद, विनेश यादव, अनिल ठाकुर और रविंद्र चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## परेशानी में टीवीके

हालांकि तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या IIADMK नहीं होगी, लेकिन राज्य में विधायकों की संख्या के गणित फिलहाल टीवीके चीफ विजय को परेशानियों में डाल दिया है, कांग्रेस मिले समर्थन के बावजूद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, ऐसे हालात के चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कितमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुता. बिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भटाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने परAIADMK से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, AIADMK में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महा. बलीपुरम के चेंगलपटू स्थित फोर पाइंट्स नाम के रिसार्ट में शिफ्ट कर दिया है। बंगाल में 4 मई को रिजल्ट के बाद से हिंसा शुरू हुई। जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं। कोलकाता के न्यू मार्केट में मंगलवार रात भीड़ ने टीएमसीके पार्टी आफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं नार्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में मंगलवार रात गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। बंगाल में हिंसा के लिए भजा व टीएम सी एक दूस. रें पर आरोप मंढ रही हैं, इस सब के बावजूद यह कहने में गुरेज नहीं है कि राज्य कुछ हिस्सों में लोगों का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# प्रभावित होगी संघीय गणराज्य की दिशा



असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे कई ऐसे कारकों को रेखांकित करते हैं जो एक धर्मनिरपेक्ष, लो. कतांत्रिक और संघीय गणराज्य के तौर पर भारत की दिशा को प्रभावित करेंगे। असम और पुडुचेरी में जहां भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों ने सत्ता बरकरार रखी, वहीं अन्य तीन राज्यों में सत्ताधारी दल जनमत में आए बदलाव की प्रचंड लहर में बह गए। असम में पहली दफा भाजपा ने अकेले दम पर बहुमत के लिए जरूरी 64 सीटों का आंकड़ा पार किया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 126-सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटें जीतीं।

कांग्रेस के लिए यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है - यहां तक कि उसके खाते में असम आंदोलन के बाद 1985 में हासिल की गई सीटों की संख्या से भी कम सीटें आईं। रायजोर दल और असम जातीय परिषद समेत कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन द्धएनडीएऋ के भीतर के दल - मुख्य रूप से असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, भाजपा को हासिल स्पष्ट बहुमत के मद्देनजर अब उनका असर बहुत कम रह गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी और पुनर्वितरण की योजनाओं के मिश्रण के जरिए राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई खुद अपनी सीट हार गए। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने दीर्घकालिक योजना के दम पर निर्णायक जीत हासिल की है। राज्य के राजनीतिक इतिहास, दागी चुनाव प्रक्रिया और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीति की ढलान ने उसकी कामयाबी में मदद पहुंचाई। बंगाल भारत के राष्ट्रीय आंदोलन और हिंदुत्व के विचारों का केंद्र रहा है। अन्य जगहों पर फैलने से काफी पहले हिंदुत्व के विचार यहीं पनपे और क्षेत्रीय पहचान की भावना यहां काफी प्रबल रही है। भाजपा ने सालों की सुनियोजित रणनीति के जरिए राज्य की एक सीमित आबादी को अपने सर्वव्यापी राष्ट्रवादी विमर्श में दीक्षित कर दिया। महाराष्ट्र, असम और ओडिशा की क्षेत्रीय राजनीति को अपने आगोश में समा लेने के बाद, भाजपा ने अपना पूरा ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित किया और आखिरकार फतह हासिल की। टीएमसी के सामने अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। उसकी संस्थापक नेता ममता बनर्जी 71 साल की हो चुकी हैं और उसके कार्यकर्ता व मतदाता अब भाजपा के दबाव में आसानी से आ सकते हैं। यह चुनाव भारत के इतिहास में सबसे दागदार चुनाव भी थारू लगभग 27 लाख लोगों के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए और सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हुए इस गंभीर हमले के प्रति अनुचित नजरिया अपनाया। अगर यह आने वाले वक्त का संकेत है, तो यह गंभीर चिंता का सबब है। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर कार्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएंगी।

### कहीं एसआईआर ने, तो नहीं बदला नक्शा

बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) की खूब चर्चा है। बंगाल की कम से कम 25 ऐसी सीटें हैं, जहां जीत के मार्जिन से ज्यादा नामैप्‍ के तहत अयोग्य पाए गए थे। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब इन सीटों पर फिर से मतदान हो सकते हैं? क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान कहा था किैप्‍ में अयोग्य पाए गए वोटरों की तुलना में अगर जीत की मार्जिन कम रहती है तो हम इस तरह के मामले को देखा जा सकता है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्वाचन से पहले बंगाल मैंप्‍ के तहत कुल 27 लाख मतदाताओं को अयोग्य पाया था। मतदान से ठीक पहले इनके नाम हटाए गए थे। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि कम से कम 34 लाख ऐसे वोटर हैं, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। पहला मामला ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट का ही है। यहां पर बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने करीब 15 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने यहां पर एसआईआर के तहत 28 हजार मतदाताओं के वोट काट दिए थे, जबकि यहां पर 14,154 मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं। चंपदानी में बीजेपी के दिलीप सिंह को 3026 वोटों से जीत मिली है। सिंह ने यहां पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। द इकानोमिक्स टाइम्स के मुताबिक इस सीट पर एसआईआर के तहत 7600 से ज्यादा वोट अयोग्य पाए गए थे। इसी तरह करंदीघी सीट से बीजेपी के बिराज विस्वास ने 19869 वोटों से जीत मिली थी। यहां पर 31,562 मतदाताओं के नाम एसआईआर में अयोग्य पाए गए थे। मुर्शिदाबाद की जंगीपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को 10,542 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 36,581 वोटरों को अयोग्य पाया गया है। मोंटेश्वर सीट पर बीजेपी को 14,700 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 23,423 वोटरों को अयोग्य माना गया था। हेमताबाद सीट पर एसआईआर के तहत 18,215 अयोग्य पाए गए थे। यहां पर बीजेपी उम्मीदवार को 12,300 वोटों के अंतर से जीत मिली है। बाली सीट पर 11,997 सीटों से बीजेपी को जीत मिली है। यहां एसआईआर में 11,386 मतदाता अयोग्य पाए गए थे, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। दिन्हटा, रैना और दार्जिलिंग की सीट पर भी ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला।समसेरगंज, मानिकचक, सूती, लालगोला और रघुनाथगंज की सीटों पर भी अयोग्य मतदाताओं की तुलना में जीत की मार्जिन कम है। समसेरगंज में 75,000 मतदाता अयोग्य पाए गए थे। यहां पर 7500 वोटों के अंतर से तृणमूल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी तरह मानिकचक में 55 हजार वोटरों को अयोग्य पाया गया था। यहां जीत का अंतर 19 हजार है। मुर्शिदाबाद में एसआईआर के तहत 4 लाख से ज्यादा वोट डिलीट किए गए थे। 22 सीटों में से 8 पर बीजेपी और 9 पर तृणमूल को जीत मिली है। 5 सीटों पर कांग्रेस, सीपीएम और जनता उन्नयन पार्टी ने जीती2021 में तृणमूल को यहां की 19 सीटों पर जीत मिली थी।

## श्रीमुख से...

### भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता



वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार, लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है, ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठियाकहा जाना चाहिए, हरियाणा में तो वहां की पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है, जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं, निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोक सभा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरल व बंगाल में मुस्लिमों ने दिखाया दम

बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं। असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चुनाव परिणाम के आंकड़ों के मुताबिक इस बार विपक्ष के मजबूत सपोर्ट के बावजूद असम और बंगाल में 15 मुस्लिम विधायक कम हो गए हैं।

वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में 3 की बढ़ोतरी हुई है। जम्मू कश्मीर के बाद असम और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी तो केरल में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है। असम में कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले सीधे मैदान में थी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनाव का मुख्य मुकाबला था। कांग्रेस यहां पर वोट के मामले में चौथे नंबर पर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। यहां पर 36 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। 2021 में यहां मुस्लिम समुदाय के 42 विधायक जीतकर आए थे। इस बार 31 विधायक टीएमसी से जीतकर आए हैं, जबकि 5 विधायक ऐसे हैं, जो कांग्रेस-सीपीएम और छोटी पार्टियों से जीतकर आए हैं। असम में 22 मुस्लिम जीतकर इस बार सदन में आए हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर 18 मुस्लिम विधायक इस बार चुनकर आए हैं। वहीं 2 विधायक बदरुद्दीन अजमल की पार्टी के हैं। 1 मुस्लिम विधायक अखिल गोगोई की पार्टी के हैं। इसी तरह केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या 35 है। पिछली बार इन विधायकों की संख्या 32 थी। केरल में इस बार इंडियन मुस्लिम लीग के सिंबल पर सबसे ज्यादा 22 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। केरल में विधानसभा की कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कुल 9 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। देश में मुस्लिम हिस्सेदारी को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। 2024 के लोकससभा चुनाव में सिर्फ 5 प्रतिशत मुस्लिम सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।




**केरल में कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीते हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

**असम और बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ,बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

# बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर

**बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज ०.1 फीसदी। चुनौती है क्रियान्वयन। साल 2025 के आखिर तक भारत में केवल 0.7 गीगावाट घंटे ( जीडब्ल्यूएच ) का बैटरी भंडारण चालू था। साथ ही, और 2 जीडब्ल्यूएच भंडारण के दिसम्बर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों को अब टेंडर जारी करने पर कम और कमीशनिंग ( प्रोजेक्ट चालू करने ) पर ज्यादा फोकस करना होगा दृ हर नयी सौर नीलामी को बाध्यकारी सह-अवस्थित ( को-लोकेटड ) भंडारण के साथ जोड़ना होगा और जिन कम दर वाली परियोजनाओं के लिए आक्रामक ढंग से बोली लगायी गयी है, उनके रास्ते से वित्तपोषण की बाधा दूर करनी होगी। भंडारण के बिना सौर क्षमता अधबना पुल है**



भारत में 25 अप्रैल को बिजली की सर्वोच्च मांग (पीक डिमांड) 256.1 गीगावाट तक पहुंच गयी जिसमें दोपहर के लोड के 21.5 फीसदी की आपूर्ति सौर संयंत्रों ने की, यह अब तक सर्वाधिक है, और इस बात का भी साफ संकेत है कि जब सूरज सिर के ऊपर होता है तो देश में स्थापित सौर क्षमता सचमुच काम कर सकती है, लेकिन उसी दिन के पूरे 24 घंटे के खाता-बही से जो कहानी सामने आती है, वह सोचने पर मजबूर करती है।

बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज 0.1 फीसदी। भारत में स्थापित विद्युत क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी साल 2022 के 15 फीसदी से तकरीबन दोगुनी होकर साल 2026 के शुरू में लगभग 28 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, साल 2022 में भारत के सर्वोच्च मांग वाले दिन उत्पादन में सौर का हिस्सा लगभग 5.6 फीसदी था और यह बढ़कर अप्रैल के उत्पादन का 10.8 फीसदी ही हो पाया दृ यह मौजूदा वास्तविकताओं और क्या मुमकिन है के बीच बरकरार बड़े फासले का भी साफ संकेत है। मामला जहां अटका है वह पैनल, जमीन या महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि बैटरियों के जरिए उत्पादित इलेक्ट्रानों के विशाल भंडारों का इस्तेमाल कर पाने की अक्षमता है। दरअसल, बैटरी भंडारण की इतनी कमी है कि सौर बिजली के प्रचुर उत्पादक राज्यों को अपनी आपूर्ति रोकने के लिए कहा जा रहा है, अन्यथा इससे भारत के बिजली ग्रिड की स्थिरता को खतरा हो सकता है। साल 2025 में, भारत को मई के आखिर और दिसंबर के बीच सौर उत्पादन के 2.3 टेरावाट घंटों की कटौती करनी पड़ी, जो औसत मासिक सौर उत्पादन के 18 फीसदी के बराबर है। अकेले अक्टूबर महीने में 0.9 टेरावाट घंटों की बर्बादी हुई। यह देखते हुए कि इस तरह की बिजली के उत्पादकों को पैसे देने ही होते हैं, इसका नतीजा सरकारी खजाने पर बोझ के रूप में सामने आता है जो ऐसी बिजली के लिए भुगतान करता है जो कभी मिली ही नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार सामान्य से कम, लंबी अवधि के औसत का 92 फीसदी, मानसून रहेगा, जो 11 सालों में इस तरह की पहली चेतावनी है। इस पूर्वानुमान से सिर्फ इस दलील को मजबूती मिलती है कि ज्यादा गर्म, ज्यादा सूखी गर्मियों का मतलब है दिन के समय ज्यादा मांग और ठीक इसी समय सौर ऊर्जा को भारी बोझ उठाना चाहिए।उत्साहजनक खबर है बैटरी का अर्थशास्त्र। साल 2025 के शुरू में दो घंटे के स्टैंडअलोन बैटरी स्टोरेज की दर लगभग 2.21 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति माह थी जो घटकर साल के अंत तक 1.48 लाख रुपये हो गयी।



सूरीनाम। पारामारिबो पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा।

## भारत वियतनाम ने दुर्लभ खिनज और रक्षा सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौते किए

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खिनज, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के कारण तीन की मौत: WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमो. निया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है।

# भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़

## विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे दोनों देश: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनी. तिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए आज हम अपने संबंधों को और अधिक



■ मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की

मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊंचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए अब हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टोरैशन कर रहे हैं।

## बंगाल में भाजपा सरकार के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं: बांग्लादेश

**ढाका।** बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है। राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।

# अमेरिका ने की ईरान युद्ध खत्म होने की घोषणा

## कहा: प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया, हासिल कर लिए हैं लक्ष्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ चलाया गया प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया है। वाइट हाउस में मंगलवार दोपहर 3:30 बजे के आसपास प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने इस अभियान के अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना ने अब अपने आक्रामक चरण को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अब ध्यान भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। इस घोषणा के साथ ही अमेरिकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके तहत अब सेना 'आक्रामक' रुख छोड़कर 'रक्षात्मक' मुद्रा में आ गई है। रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका अब नई जंग शुरू करने के बजाय अमन को प्राथमिकता देना चाहता है। उन्होंने हालांकि यह चेतावनी भी दी कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के क्षेत्रों में ताकत के इस्तेमाल का विकल्प अब भी खत्म नहीं हुआ है। यदि



■ 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं

अमेरिकी सेना या उसके सहयोगियों के हितों पर हमला होता है तो अमेरिका अपनी पूरी शक्ति के साथ जवाबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। आक्रामक अभियान की समाप्ति के बाद अब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की है। इस नए मिशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सुरक्षित बनाना और फिर से खोलना है। 'टाइम' और 'सीएनए' की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी नौसेना अब इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेगी। रुबियो ने इसे एक 'रक्षात्मक कवच' बताते हुए कहा कि जब तक अमेरिकी सेना पर गोली नहीं चलाई जाएगी, तब तक उनकी तरफ से कोई हमला नहीं होगा, लेकिन वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। वाइट हाउस की इस ब्रीफिंग में यह संदेश भी दिया गया कि अब सारा ध्यान सैन्य कार्रवाई से हटकर कूटनीति पर रहेगा। अमेरिका का अगला लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करना है। विदेश मंत्री रुबियो ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परमाणु हथियारों से लैस ईरान पूरी दुनिया के लिए बघ खतरा हो सकता है, जिसे अमेरिका कभी स्वीकार नहीं करेगा। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का अंत एक बड़े युद्ध के थमने का संकेत तो है, लेकिन क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और कड़ी निगरानी अब भी जारी रहेगी।

## अमेरिका पेशावर में कॉन्सुलेट जनरल बंद करेगा जिम्मदारियां इस्लामाबाद को सौंपी गईं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक जम्मिदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा कि पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमे. रिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर जोर दिया है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपना राजनयिक कार्य जारी रखेगा, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को बनाए रखेगा।

## अराघची ने चीनी विदेश मंत्री से की पूर्ण युद्धविराम और होर्मुज पर चर्चा

**बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को बीजिंग पहुंचकर चीन के विदेश मंत्री वांग ई से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करना और 'पूर्ण युद्धविराम' के लिए जमीन तैयार करना है।

वांग ई ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि चीन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित है और तनाव कम करने के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन इस समय ईरान-अमेरिका के बीच अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान अराघची ने चीन को ईरान का 'करीबी और भरोसेमंद मित्र' बताया और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ईरान का पक्ष लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने

■ अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

कहा कि ईरान सिर्फ 'न्यायसंगत और व्यापक समझौते' को ही स्वीकार करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय (एफएमपीआरसी) और सीजीटीएन की रिपोर्टों में बताया गया कि इस बातचीत का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए फिर से खोलने पर केंद्रित रहा। वांग ई ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए इस व्यापारिक मार्ग की महत्ता पर जोर दिया। दूसरी ओर अराघची ने दो. हराया कि ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी शिखर वार्ता में ईरान के हितों और क्षेत्रीय शांति की जरूरतों को अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से रखेंगे।

# ईरान अमेरिका की इच्छाशक्ति की परीक्षा न ले

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है।

रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईरान को कड़ी चेता. वनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा कि ये निर्दोष लोग हैं। वे अलग-थलग हैं,

■ रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया



भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीधे आदेश पर शुरू किया गया था, जब कई देशों ने सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका से मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर मदद की पुकार का जवाब दिया। अमेरिका यह कदम इसलिए उठा रहा है क्योंकि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं। दो अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पहले ही सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं। यहां तैनात सैन्य संपत्तियों में गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, सौ से अधिक हवाई और समुद्री विमान, मानव रहित प्लेटफॉर्म और 15000 सैनिक शामिल हैं। रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन आक्रामक प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पर पहले गोली नहीं चलाई जाती, तब तक कोई गोलीबारी नहीं होगी। हम केवल तभी जवाब दे रहे हैं जब पहले हमला किया जाए। यह एक रक्षात्मक अभियान है। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि चेतावनी को अनदेखा करने के बाद ईरान की सात नौकाओं को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से सात अब समुद्र के तल में हैं, साथ ही ईरान की बाकी नौसेना भी।ß रुबियो ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' इसके समानांतर जारी है।

## पाक में विपक्षी नेता ने अफगान के साथ बातचीत का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने सरकार से अफगानिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंध एवं राजनीतिक गलत अनुमान पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को अफगान समाचार पोर्टल एरियाना न्यूज ने दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि अचकजई का मानना है कि पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों की जड़ें सरकार की उन गलत नीतियों में निहित हैं जिनके कारण अफगानिस्तान एक

■ अफगा अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है: अचकजई

आर्थिक साझेदार नहीं रहा है, जो हाल तक पाकिस्तानी वस्तुओं के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार था। रिपोर्ट के अनुसार, अचकजई ने कहा कि अफगानिस्तान अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है और उन्होंने बल देकर कहा कि इस्लामाबाद की नीतियों ने उसके अपने आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार, उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से आर्थिक दबावों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता दोनों से निपटने के लिए संवाद और अपनी नीतियों में सुधार करते हुए व्यावहारिक समाधान खो. जने का आग्रह किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर निवेश करेंगी भारतीय कंपनियां



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारतीय कंपनियों ने उनके देश में 20.5 अरब डॉलर से अधिक की योजना बनाई है जिससे अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में जो निवेश किया उसका फल मिल रहा है। भारतीय कंपनियों की टेक, विनिर्माण और फार्मास्युटिकल समेत विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की योजना है। इसमें 12

■ अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, अमेरिकी राजदूत गोर ने की तारीफ

भारतीय कंपनियों द्वारा आज (मंगलवार को) घोषित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की योजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेलेक्ट यूएसए इनवेस्टमेंट समिट में 12 भारतीय कंपनियों ने अमे. रिका में कुल 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। अमेरिका राजदूत ने लिखा कि इन सहयोगों से अमेरिका में वास्तव में रोजगार पैदा हो रहे हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)